वर्ष 23, अंक 209, पृष्ठ 08, मूल्य: 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज  रविवार 25 अगस्त 2024  विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

### गैंगरेप के 32 घंटे के भीतर बेमौत मरा तफज़ुल

## नाराज गांव वाले नहीं देंगे जनाजे को कंधा, कब्रिस्तान में भी नहीं मिलेगी जगह

**गुवाहाटी: असम** के नौगांव में नाबालिग लड़की से गैंगरेप के आरोपी तफ्जुल इस्लाम की तालाब में डूबने से मौत हो गई। 22 अगस्त की शाम 8 बजे आरोपी तफजुल इस्लाम ने दो अन्य लोगों के साथ मिलकर ट्यूशन जा रही नाबालिग लड़की से गैंगरेप किया था। इस घटना के करीब 32 घंटे बाद वह भी बेमौत मारा गया। शुक्रवार को पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया। शनिवार सुबह करीब साढ़े तीन बजे असम पुलिस पूछताछ के बाद उसे क्राइम सीन पर लेकर जा रही थी। पुलिस का दावा है कि इस दौरान वह पुलिस की कस्टडी से भाग गया और बचने के लिए तालाब में कूद गया। असम पुलिस ने उसकी तलाश के लिए एसडीआरएफ को बुलाया। 2 घंटे बाद बचाव टीम को तफजुल का शव मिला, जिसे पोस्टमॉर्टम के बाद उसके परिवार वालों को सौंप दिया गया।

कम नहीं हुआ गुस्सा, दो आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग

नाबालिग लड़की से गैंगरेप के आरोपी की मौत के बाद भी नौगांव के धींग में लोगों का गुस्सा ठंडा नहीं हुआ है। प्रदर्शन कर रही महिलाओं का कहना है कि अभी भी दो आरोपी गुलाबुद्दीन और फरीद उल इस्लाम बेखौफ घूम रहे हैं। पुलिस उसे पकड़कर जनता के हवाले कर दे, फिर उसका इंसाफ हम करेंगे। प्रदर्शन कर रही महिलाओं का कहना है कि इस केस के दो अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी होने तक इंसाफ के लिए आंदोलन जारी रहेगा। तफजुल के गांव में भी लोगों ने उसके परिवार का बॉयकाट करने की घोषणा की है। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि वे घृणित अपराध करने वाले तफजुल के जनाजे को कंधा भी नहीं देंगे। साथ ही उसे कब्रिस्तान में दफनाने की जगह भी नहीं मिलेगी। उनका कहना है कि तफजुल ने पूरे कौम को बदनाम किया है।



### सीएम हिमंता ने दिए थे अग्रेसिव एक्शन के संकेत

बता दें कि असम के मुख्यमंत्री हिमंत विस्वसरमा ने धींग गैंगरेप को मानवता के खिलाफ अपराध बताते हुए अग्रेसिव एक्शन का वादा किया था। उन्होंने एक्स के पोस्ट में लिखा कि धींग में एक नाबालिग के साथ हुई भयावह घटना में किसी को नहीं बख्शेंगे और अपराधियों को न्याय के कठघरे में खड़ा करेंगे। बाद में उन्होंने बयान दिया कि जब महिलाओं के खिलाफ कोई अत्याचार होता है, तो हमें तुरंत कार्रवाई करने की जरूरत होती है। लेकिन जनता को यह देखना चाहिए कि सरकार सख्त कार्रवाई कर रही है। जब लोगों को लगता है कि सरकार ढिलाई बरत रही है, तो वे गुस्सा हो जाते हैं। जब ऐसी घटनाएं होती हैं, तो सरकार को बहुत आक्रामक कार्रवाई करनी चाहिए। बंगाल में सरकार ने ऐसा नहीं किया, इसलिए लोग नाराज हो गए।

मौत पर सवाल, मंत्री बोले-भागते हुए मर गया इस बीच पुलिस हिरासत में आरोपी की मौत के बाद सियासत गरमाने लगी और पुलिस पर सवाल उठने लगे। कांग्रेस के नेता अब्दुल राशिद मंडल ने कहा कि तफजुल के मरने का अफसोस नहीं है, क्योंकि उसने पूरे कौम को शर्मिंदा किया। उसका मर जाना ही सोसायटी के लिए ठीक है, मगर पुलिस की हिरासत में ही मौतें क्यों हो रही हैं। उन्होंने कहा कि तफजुल पकड़ा जा चुका था तो कानूनी तौर पर उसे सजा देना चाहिए था। टीएमसी के नेता ने कुणाल घोष ने मौत पर उंगली उठाई। उन्होंने ट्विटर पर लिखा कि इस केस में बड़े लोगों को बचाने के लिए पुलिस ने यह ऑपरेशन किया। इसके जवाब में असम सरकार में मंत्री पीजूष हजारिका ने कहा कि असम में न्याय मिलता है। बंगाल के डॉक्टर रेप केस में सबूत मिटाने की कोशिश की गई, जबकि असम में घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया। अगर वह भागते हुए मर गया तो पुलिस की क्या गलती है?

## देश का पहला हाइब्रिड रॉकेट हुआ लॉन्च, क्या है RHUMI-1 की खूबियां

**नई दिल्ली : भारत** ने अपना पहला फिर से प्रयोग किए जाने वाले हाइब्रिड रॉकेट, 'RHUMI-1' का शनिवार को सफल परीक्षण किया। यह परीक्षण तमिलनाडु स्थित स्टार्ट-अप स्पेस जोन इंडिया की तरफ से मार्टिन ग्रुप के सहयोग से चेन्नई से सफलतापूर्वक लॉन्च किया गया था। रॉकेट को एक मोबाइल लॉन्चर का उपयोग करके लॉन्च किया गया। इसके साथ 50 ढक्कड उपग्रहों और तीन क्यूब उपग्रहों का पेलोड ले जाते हुए एक उपकक्षीय प्रक्षेपवक्र पर यात्रा की। 35 किलोमीटर तक की उड़ान स्पेस जोन इंडिया के संस्थापक और सीईओ आनंद मेगालिंगम के अनुसार, रॉकेट, जिसकी ऊंचाई 3.5 मीटर है।




### बीजेपी के बुल्डोजर न्याय पर प्रियंका का करारा वार

**दिल्ली। लोकसभा** चुनाव के बाद से बीजेपी कमजोर होती हुई नजर आ रही है तो वहीं विपक्षी गठबंधन मजबूती के साथ खड़ा है..और विपक्ष लगातार बीजेपी सरकार की नीतियों पर सवाल खड़ा करता आ रहा है इसी कड़ी में कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने बीजेपी की रणनीति पर सवाल उठाए हैं। बीजेपी इन दिनों अपनी बुलडोजर की नीति को लेकर बुरी तरह घिर चुकी है और बीजेपी की इस बुलडोजर कार्रवाई पर कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने सवाल उठाते हुए एक्स पर लिखा, अगर कोई किसी अपराध का आरोपी है।

## बसपा प्रमुख मायावती पर बीजेपी विधायक के कमेंट का अखिलेश यादव ने किया विरोध



**लखनऊ। भारतीय** जनता पार्टी (भाजपा) के एक विधायक के बसपा प्रमुख मायावती के खिलाफ एक डिबेट के दौरान टिप्पणी का मामला तूल पकड़ता दिखाई दे रहा है। इसको लेकर सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने भाजपा को घेरा है। इसके बाद बसपा मुखिया मायावती ने अखिलेश यादव का आभार जताया है।

समाजवादी पार्टी (सपा) मुखिया और कन्नौज से सांसद अखिलेश यादव ने बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की प्रमुख मायावती के खिलाफ भाजपा के एक विधायक की आपत्तिजनक टिप्पणी पर पार्टी को घेरते हुए कहा है कि सार्वजनिक रूप से दिये गये इस वक्तव्य के लिए विधायक पर मानहानि का मुकदमा होना चाहिए। सपा मुखिया अखिलेश ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि उप्र के एक भाजपा विधायक द्वारा उप्र की एक भूतपूर्व महिला मुख्यमंत्री जी के प्रति कहे गये अभद्र शब्द दर्शाते हैं कि भाजपाइयों के मन में महिलाओं और खासतौर से वंचित-शोषित समाज से आनेवालों के प्रति कितनी कटुता भरी है।

उन्होंने लिखा कि राजनीतिक मतभेद अपनी जगह होते हैं, लेकिन एक महिला के रूप में उनका मान-सम्मान खंडित करने का किसी को भी अधिकार नहीं है। भाजपाई कह रहे हैं कि उन्हें मुख्यमंत्री बनाकर हमने गलती की थी, ये भी लोकतांत्रिक देश में जनमत का अपमान है और बिना किसी आधार के ये आरोप लगाना कि वो सबसे भ्रष्ट मुख्यमंत्री थीं, बेहद आपत्तिजनक है।

## देश के युवा अरुण जेटली से प्रेरणा लें : संगीता जेटली

**नई दिल्ली। पूर्व केंद्रीय** मंत्री अरुण जेटली की पुण्यतिथि पर उनकी पत्नी संगीता जेटली ने कहा कि आज के युवाओं को उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्हें गुजरे हुए 5 साल हो चुके हैं। मुझे पार्टी और जानकारों से यही अपेक्षा है कि इनकी जो अच्छी बातें थी वह युवाओं को बताई जाएं। उन्होंने कहा कि युवा स्वर्गीय अरुण जेटली के मार्गदर्शन पर चलें। वह बड़े आराम से बात करके हल निकालते थे। वह बहुत ध्यान से सामने वाले की बात सुनते थे और समस्या का हल निकालते थे। इसलिए, आज के युवा जो धैर्य जल्दी ही खो देते हैं, उन्हें धैर्य रखने की जरूरत है।

वहीं, दिल्ली से भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने कहा, "हम लोगों ने बहुत जल्दी ही अरुण जेटली को खो दिया। पांच साल पहले उन्होंने यह संसार छोड़ा था। लेकिन अरुण जेटली के दिखाए रास्ते पर हम लोग आज भी चल रहे हैं। आज हम उन्हें याद कर रहे हैं। आज इस स्टेडियम को लोग अरुण जेटली स्टेडियम के नाम से जानते हैं। इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बहुत-बहुत धन्यवाद।"

मनोज तिवारी ने कहा कि इस स्टेडियम के निर्माण में उनका बहुत बड़ा योगदान रहा है।

### बदलापुर घटना पर MVA का साइलेंट प्रोटेस्ट

## हमारी आवाज को नहीं दबाया जा सकता- उद्धव ठाकरे

**मुंबई**

**उद्धव** ठाकरे ने कहा कि जब सरकार को लगा कि महाराष्ट्र बंद रहेगा तो उन्होंने अपने समर्थकों को कोर्ट में भेज दिया। हमारा मामला पिछले दो साल से सुप्रीम कोर्ट में है और तारीखें दी जा रही हैं।

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी- शरद पवार (एनसीपी-एसपी), शिवसेना (यूबीटी) और कांग्रेस सहित महा विकास अघाड़ी के नेताओं और कार्यकताओं ने शनिवार को पूरे महाराष्ट्र में विरोध प्रदर्शन किया। महाराष्ट्र के बदलापुर में दो नाबालिग लड़कियों के कथित यौन उत्पीड़न के खिलाफ प्रदर्शन के दौरान प्रमुख चेहरों को अपने माथे और बांहों पर काली पट्टियां बांधे देखा गया। शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने पार्टी नेताओं और कार्यकताओं के साथ बदलापुर घटना के खिलाफ मुंबई में विरोध प्रदर्शन किया।




इस दौरान उद्धव ठाकरे ने कहा कि जब सरकार को लगा कि महाराष्ट्र बंद रहेगा तो उन्होंने अपने समर्थकों को कोर्ट में भेज दिया। हमारा मामला पिछले दो साल से सुप्रीम कोर्ट में है और तारीखें दी जा रही हैं। हमें विश्वास है कि हमें न्याय मिलेगा। उन्होंने कहा कि कल कोर्ट ने दिखा दिया कि कोर्ट इतनी जल्दी फैसला ले सकती है। उन्होंने कहा कि एक तरफ बहन पर अत्याचार हो रहा है और ये लोग राखी बांध रहे हैं। हमने जो शक्ति एक्ट बनाया था उसे राष्ट्रपति के पास भेजा गया है।

### केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने दूरसंचार सेवा प्रदाताओं पर

## हितधारक सलाहकार समिति की दूसरी बैठक आयोजित की

**नई दिल्ली।**

**केंद्रीय** संचार एवं उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने शुक्रवार को दूरसंचार सेवा प्रदाताओं (टीएसपी) पर हाल ही में गठित हितधारक सलाहकार समिति (एसएसी) के साथ संचार राज्य मंत्री डॉ. चंद्रशेखर पेम्मासानी सहित दूसरी बैठक की। दूरसंचार विभाग (डीओटी) की इस पहल का उद्देश्य भारत के दूरसंचार इकोसिस्टम के भविष्य को विस्तारित करने और उसे साकार रूप प्रदान करने तथा समावेशी और सहयोगात्मक नीति निर्णय लेने को बढ़ावा देने में सभी हितधारकों को शामिल करना है।

दूरसंचार सेवा प्रदाताओं (टीएसपी) पर पहली हितधारक सलाहकार समिति (एसएसी) के दौरान, कुछ केंद्रित क्षेत्रों की पहचान की गई। आज की बैठक में, अंतर्राष्ट्रीय मानकों और बौद्धिक संपत्ति और मानक आवश्यक पेटेंट (एसईपी) में भारत की हिस्सेदारी, दूरसंचार में कनेक्टिविटी अंतराल और दूरसंचार सेवाओं की गुणवत्ता के बारे में विशेष रूप से चर्चा हुई।




हितधारक सलाहकार समिति (एसएसी) के सदस्यों ने ह्यभारत की जरूरतोंह्व के लिए व्यवस्थित रूप से अनुसंधान को संरेखित करने और एक जीवंत मानक समुदाय स्थापित करने पर जोर दिया। भारत ने पहले ही भारत 6जी विजन और भारत 6जी अलायंस, पेटेंट और बौद्धिक संपत्ति अधिकार (आईपीआर) समर्थित ढांचा, टेस्टबेड की शुरूआत आदि जैसी विभिन्न पहल की हैं,

और देश सभी 6जी पेटेंट का 10 प्रतिशत और भारत की जरूरतों को बढ़ावा देने वाले वैश्विक मानकों में 1/6 योगदान प्राप्त करने की आशा रखता है।

## कभी HDFC से बड़ी थी अनिल अंबानी की रिलायंस कैपिटल, आज हो गई दिवालिया

**नई दिल्ली: भारी** कर्ज में डूबे अनिल अंबानी को मार्केट रेगुलेटर सेबी ने जोर का झटका दिया है। उन पर 5 साल का प्रतिबंध लगा दिया है। साथ ही 25 करोड़ रुपये का जुमार्ना भी लगाया है। सेबी ने अपनी विस्तृत रिपोर्ट में कहा है कि अंबानी और उनके साथियों ने रिलायंस होम फाइनेंस के फंड की हेराफेरी की।

एक समय था जब अनिल अंबानी देश के तीसरे और दुनिया के छठे बड़े रईस थे। साल 2008 में उनकी नेटवर्थ 42 अरब डॉलर थी। एक समय अनिल अंबानी की कंपनी रिलायंस कैपिटल का मार्केट कैप 70,000 करोड़ रुपये था और यह एचडीएफसी से भी आगे थी। इसकी गिनती देश के टॉप वित्तीय संस्थानों में होती थी। यहां हम बता रहे हैं कि देश की टॉप फाइनेंशियल कंपनी कब और कैसे दिवालिया हुई।



## आरक्षण पर सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला दे दिया, किसान मुद्दे को हल करने के लिए बनेगी कमेटी

**नई दिल्ली।**

19 अगस्त से 24 अगस्त 2024 तक क्या कुछ हुआ? कोर्ट के कुछ खास ऑर्डर/जजमेंट और टिप्पणियों का विकली राउंड अप आपके सामने लेकर आए हैं। कुल मिलाकर कहें तो आपको इस सप्ताह होने वाले भारत के विभिन्न न्यायालयों की मुख्य खबरों के बारे में बताएंगे।

किसानों की समस्याएं जल्द हल करने के लिए गठित होगी समिति। बदलापुर स्कूल केस में बॉम्बे हाई कोर्ट की फटकार पर जागी पुलिस। सुप्रीम कोर्ट में सरोगेसी कानून के प्रावधान को चुनौती दी गई। ओबीसी को दिल्ली सरकार और नगर निगम में होने वाली नियुक्तियों में आरक्षण का अधिकार। कोलकाता केस में सुप्रीम कोर्ट ने कोलकाता पुलिस को फटकारा। इस सप्ताह यानी 19 अगस्त से 24 अगस्त 2024 तक क्या कुछ हुआ? कोर्ट के कुछ खास ऑर्डर/जजमेंट और टिप्पणियों का विकली राउंड अप आपके सामने लेकर आए हैं। कुल मिलाकर कहें तो आपको इस सप्ताह होने वाले भारत के विभिन्न न्यायालयों की मुख्य खबरों के बारे में बताएंगे।

बंबई हाई कोर्ट ने महाराष्ट्र के ठाणे जिले में बदलापुर कस्बे के एक स्कूल में दो बच्चियों के कथित यौन उत्पीड़न की घटना के सिलसिले में पुलिस के रवैये पर नाराजगी जताते हुए ।

## हरियाणा में चुनाव की तारीख में होगा बदलाव?

**हरियाणा**

**प्रदेश** भाजपा अध्यक्ष मोहन लाल बडोली ने पुष्टि की कि भाजपा ने 1 अक्टूबर से पहले और बाद में कई छुट्टियों का हवाला देते हुए शुक्रवार को मतदान स्थगित करने का अनुरोध किया था, जिसके परिणामस्वरूप कम मतदान हो सकता है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने चुनाव आयोग से हरियाणा विधानसभा चुनाव की तारीख को स्थगित करने के लिए कहा है, जो वर्तमान में 1 अक्टूबर के लिए निर्धारित है। इस अनुरोध ने विवाद खड़ा कर दिया है। कांग्रेस ने भाजपा पर चुनाव में देरी करने की कोशिश करने का आरोप लगाया है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष मोहन लाल बडोली ने पुष्टि की कि भाजपा ने 1 अक्टूबर से पहले और बाद में कई छुट्टियों का हवाला देते हुए शुक्रवार को मतदान स्थगित करने का अनुरोध किया था, जिसके परिणामस्वरूप कम मतदान हो सकता है।

बडोली ने कहा कि कई लोगों को अगर लगातार पांच से छह दिन की छुट्टी मिलती है तो वे बाहर घूमने जाते हैं। इस वजह से वोटिंग कम हो सकती है। उन्होंने कहा कि मैंने शुक्रवार को चुनाव आयोग को एक पत्र लिखकर बेहतर मतदान के हित में मतदान में कुछ दिनों की देरी करने का अनुरोध किया क्योंकि 1 अक्टूबर को मंगलवार है। मतदान का दिन होने के कारण इसे अवकाश के रूप में मनाया जाता है। शनिवार और रविवार छुट्टी के दिन हैं, और 2 और 3 अक्टूबर को गांधी जयंती और अग्रसेन जयंती के कारण छुट्टियां हैं। जो भी व्यक्ति सोमवार (30 सितंबर) को छुट्टी लेगा, उसे छह दिन की लंबी छुट्टी मिलेगी। इससे मतदान प्रतिशत पर बुरा असर पड़ने की संभावना है।

इस बीच, हरियाणा विधानसभा में विपक्ष के नेता भूपिंदर सिंह हुड्डा ने कहा है कि कांग्रेस को मूल तारीख से कोई दिक्कत नहीं है। भाजपा नेता ने कहा कि इस साल मई में हुए लोकसभा चुनावों में भाजपा के साथ ऐसा ही हुआ, जब पार्टी को 46.11 प्रतिशत वोट शेयर मिले और कुल 65 प्रतिशत मतदान के साथ पांच सीटें हार गईं। इसके विपरीत, जब 2019 में मतदान 70.34 प्रतिशत हुआ, तो पार्टी को 58.2 प्रतिशत वोट शेयर और 10 सीटें मिलीं। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने हरियाणा में आगामी विधानसभा चुनावों के लिए अपने उम्मीदवारों को अंतिम रूप देने के लिए गुरुग्राम में दो दिवसीय विचार-मंथन सत्र आयोजित किया। इस बैठक के दौरान सभी 90 विधानसभा सीटों पर संभावित उम्मीदवारों पर चर्चा हुई। सूत्रों के मुताबिक, इस बैठक में जिन नामों पर मुहर लगी है, उन पर केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में आगे चर्चा होगी।



# परंपरागत त्यौहारों के महत्व के प्रति बच्चों को जागरूक करना है कर्तव्य : वेद प्रकाश

**एमएल पब्लिक स्कूल में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बीच धूमधाम से मनाया गया श्रीकृष्ण जन्मोत्सव कार्यक्रम**

अखंड भारत संदेश







**मेजा।** एम एल पब्लिक स्कूल बगहा सिरसा में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव कार्यक्रम स्कूल के बच्चो द्वारा केक काटकर बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत स्कूल के प्रबंधक वेद प्रकाश गुप्ता ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान स्कूल के बच्चो द्वारा सरस्वती वंदना वंदना के पश्चात रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं मनमोहक नाटक भी प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में स्कूल के बच्चों ने गीत संगीत के माध्यम से भगवान श्री कृष्ण के जीवन पर आधारित लीलाओं पर प्रकाश डालते हुए पिरामिड और मटकी फोड़ कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया जिसकी उपस्थित लोगों ने काफी प्रसंशा किया। स्कूल के नन्हे मुन्ने नौनिहालों ने तू मेरी राधा प्यारी मै तेरा किशन कन्हैया गाने पर अति सुंदर प्रस्तुति दिया। तत्पशत बतौर मा ु ख ा अतिथि प्रबंधक वेद प्रकाश गुप्ता ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि सनातन धर्म में त्योहारों के महत्व को परंपरागत कायम रखने के ऐसे कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें जागरूक करना हम सभी परम कर्तव्य है। इस मौके पर स्कूल के प्रधानाचार्य सतीश उपाध्याय एवं शिक्षक विपुल यादव,कुलदीप, कमलेश शर्मा, रिशु, विजय कुमार,मोहन मिश्रा, मनोज, गौरव, मदन, बिजेंद्र, विपिन,अभिरंजन गुप्ता,अविनाश, नवदीप,सविता, इतिरीना, मीनाक्षी, पूजा त्रिपाठी ,रवि केशरी , सौम्या गुप्ता तथा सिद्धी गुप्ता आदि के अलावा कई अन्य लोग उपस्थित रहे।

## दो सप्ताह के अंदर छः विद्यालयों में ताला तोड़कर हो चुकी चोरी, शिक्षक परेशान

**सहसों।** थरवई थाना अंतर्गत विभिन्न ग्राम सभाओं में स्थित विद्यालयों में हौंसला बुलंद चोरों द्वारा चोरी का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। चोर लगातार सरकारी प्राथमिक विद्यालय एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय को लक्ष्य बनाकर विद्यालयों के अंदर रखा सारा सामान उठा ले जा रहे हैं। शुक्रवार की रात थाना क्षेत्र के विकास खंड बहरिया अंतर्गत कंपोजिट विद्यालय मुहम्मदपुर का चोरों ने ताला तोड़कर अंदर रखा हुआ दो सिलेंडर, गेहूं, चावल, टैबलेट और ब्लूटूथ उठा लें गए। शनिवार को सुबह शिक्षकों के विद्यालय पहुंचने पर चोरी का पता चला। घटना की जानकारी तत्काल प्रधानाध्यापक सुरेश गिरी द्वारा पुलिस को दे दिया गया। जानकारी के अनुसार पुलिस के खौफ से अनजान अज्ञात चोरों द्वारा दो सप्ताह के अंदर क्षेत्र के कई विद्यालयों में लगातार ताला तोड़कर चोरी हो चुकी है। क्षेत्र में लगातार हो रही चोरी से जहां शिक्षक भयभीत होते परेशान हैं वहीं क्षेत्रीय जनता में रोष व्याप्त है। उच्च प्राथमिक विद्यालय कल्यानपुर, प्राथमिक विद्यालय कुभौना, प्राथमिक विद्यालय व उच्च प्राथमिक विद्यालय चंदरपुर उर्फ बसमहुआ, कंपोजिट विद्यालय मुहम्मदपुर का ताला तोड़कर चोर चोरी कर चुके हैं।



**हाईकोर्ट समाचार**

## इलाहाबाद हाईकार्ट ने वित्त नियंत्रक PHQ से मांगी सफाई

**कहा- रिटायरमेंट के बाद अधिक वेतन भुगतान की वसूली, क्यों न उनके वेतन से भारी हर्जाना वसूला जाए**

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने वित्त नियंत्रक पुलिस मुख्यालय लखनऊ से हलफनामा दाखिल कर 29 अगस्त तक उनको कारण बताने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने कहा- क्यों न सुप्रीम कोर्ट के रफीक मसीह केस के फैसले के विपरीत विभागीय गलती से हुए अधिक वेतन भुगतान की वसूली करने पर उनके वेतन से भारी हजार्ना वसूल किया जाए।यह आदेश कोर्ट ने सहायक पुलिस कमिश्नर आगरा के यह बताने पर दिया है कि उसने अधिक वेतन भुगतान की वसूली का आदेश वित्त नियंत्रक के आदेश पर जारी किया है। जिस पर कोर्ट ने वित्त नियंत्रक से सफाई मांगी है। याचिका की सुनवाई 29 अगस्त को होगी। यह आदेश न्यायमूर्ति जे जे मुनीर ने पुलिस उप निरीक्षक जयवीर सिंह की याचिका पर दिया है। याची का कहना है कि सेवानिवृत्ति के बाद पेंशन व अवकाश नकदीकरण से विभागीय गलती से हुए गलत वेतन निर्धारण कर अधिक भुगतान की वसूली सुप्रीम कोर्ट के आदेश के खिलाफ है।याची को कुल 5 लाख 93 हजार 490 रुपए की वसूली नोटिस दी गई है।जिसे चुनौती दी गई है।कोर्ट ने सहायक पुलिस कमिश्नर से सफाई मांगी और पूछा कि रफीक मसीह केस के विपरीत वसूली क्यों की जा रही है। इस पर हलफनामा दाखिल कर कहा गया कि वित्त नियंत्रक के आदेश पर ऐसा किया गया है।

# मेजा समाधान दिवस में एनटी व एसीपी ने सुनी समस्याएं, 12 शिकायतों में 3 का निस्तारण



**मेजा।** शनिवार को मेजा कोतवाली परिसर में थाना समाधान दिवस एसीपी मेजा रवि कुमार गुप्ता के अध्यक्षता आयोजित किया गया।इस दौरान कुल 12 शिकायतें मिली जिसमें नायब तहसीलदार अनुग्रह नारायण सिंह ने मौके पर ही निस्तारण करने के लिए राजस्व की टीम गठित किया।एसीपी मेजा रवि कुमार गुप्ता ने थाना दिवस में संयुक्त रूप से आए हुए फरियादियों की शिकायतें सुनीं। 3 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया। पुलिस व राजस्व की टीम बनाकर मौके पर भेजी गयी है। उनका भी जल्द निस्तारण किया जाएगा। इस इस मौके पर कोतवाली मेजा प्रभारी राजेश उपाध्याय, उप निरीक्षक कुलदीप शर्मा , बृजेश यादव, गोविन्द यादव,परलोक चौधरी सहित लेखपाल संघ अध्यक्ष कुलदीप यादव मंत्री धवल पाण्डेय के साथ राजस्व व पुलिस विभाग संबंधित विभागों के अधिकारी कर्मचारी प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## तमंचे के साथ युवक का विडियो हुआ वायरल,डीसीपी ने मेजा पुलिस को किया निर्देशित



**मेजा।** मेजा में शुक्रवार को एक युवक का तमंचा लिए फोटो सोशल मीडिया पर वायरल होने पर हड़कंप मच गया। यह वीडियो किसी ने सोशल मीडिया के (एक्स) प्लेटफार्म पर पर पोस्ट कर दिया। डीसीपी यमुनानगर विवेक चन्द्र यादव ने मामले में मेजा पुलिस को आवश्यक कार्रवाई हेतु निर्देशित किया है। मेजा पुलिस छानबीन शुरू कर दी है। उल्लेखनीय है कि शुक्रवार से ही सोशल मीडिया पर तमंचे के साथ एक व्यक्ति का फोटो वायरल हो रहा है। जो मेजा थाना थाना क्षेत्र के जेवनिया पुलिस चौकी अंतर्गत बरवा गांव के युवक का फोटो बताया जा रहा है। उधर तमंचा के साथ फोटो वायरल होने पर लोगों ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अपनी प्रतिक्रिया दी। लोगों का कहना है । कि तरहार क्षेत्र में अवैध तमंचों की भरमार है। उनका कहना कि आखिर यह तमंचा कहां से आता है और कौन ले आता है यह जांच का विषय है। ऐसे किस्म के लोग ही अपराध को बढ़ावा दे रहे हैं। कहीं-कहीं ऐसे लोग असलहे के दम पर गांव के गरीब लोगों को डराते धमकाते हैं। फिलहाल मामले में थाना प्रभारी मेजा राजेश उपाध्याय ने बताया कि युवक की तलाश की जा रही है और शीघ्र ही गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# भ्रष्टाचार की शिकायत पर हंडिया पहुंचे अमिताभ ठाकुर,एसीपी हंडिया को दिया सात शिकायते



**हंडिया।** प्रयागराज के हंडिया में भ्रष्टाचार की शिकायत पर शनिवार को हंडिया पहुंचे आजाद अधिकार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व आईपीएस अमिताभ ठाकुर । इस दौरान उन्होंने एसीपी हंडिया को कोतवाली परिसर पहुंच कर ज्ञापन दिया और भ्रष्टाचार में संलिप्त लोगो के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग किया । जिसके बाद एसीपी हंडिया पंकज लवानिया ने लिखित शिकायत के आधार पर कार्यवाही के बाद मामले में सत्यता मिलने पर करवाही करने की बात कही अमिताभ ठाकुर ने कहा की हमारे यहां के कुछ साथियों ने हंडिया में भरष्टाचार की शिकायत की थी जिसको देखते हुए हम सहायक पुलिस आयुक्त हंडिया को लिखित शिकायत दिए हैं । उन्होंने कहा कि हम इस बिंदु को पुलिस कमिश्नर के सामने भी रखेंगे और इन समस्त बिंदुओ पर कार्यवाही की मांग करेंगे यदि इस स्तर पर कार्यवाही नही हो पाती तो निश्चित रूप से इस प्रकरण को प्रदेश के डीजीपी के संज्ञान में लाएंगे । बैनर के माध्यम से आमरण अनशन करने वाली बात पर उन्होंने कहा कि यह बात हमने नही कही थी निश्चित रूप से शिकायतकर्ता ने कहा था जिस मुद्दे पर कहा था ऐसा प्रतीत होता है कि मेरे आने की सूचना पर मुझे बताया कल रात ही उसे बुला करके कहा गया कि जो एफआईआर देना चाहते हो दर्ज करा दो तो जाहिर सी बात है कि जो प्रमुख मुद्दा था एफआईआर दर्ज नहीं होने का उसका संभवतः हमारे आने के कारण एफआईआर दर्ज हो गया है । भ्रष्टाचार वाली बात पर उन्होंने कहा कि हमने अपने से जिन तथ्यों के बारे में जाना है उसे आप के सामने रखा है हमारा यह मानना है। भ्रष्टाचार कोई भी करे हमारी पार्टी जिस हद तक हम योग्य हैं जितनी हमारी ताकत है उसका विरोध करने का हमेशा कार्य करेगी।

# अनिल कुमार जाडली को निदेशक के रूप में सौंपी गई एनटीपीसी की कमान

**कहा - मातहतों के सहयोग से मानव संसाधन विभाग को नई ऊंचाइयों पर ले जाना ही प्राथमिकता है**

अखंड भारत संदेश



**मेजा।** अनिल कुमार जाडली को सौंपी गई एनटीपीसी के निदेशक (मानव संसाधन) की कमान। श्री जाडली ने बीते 23 अगस्त को एनटीपीसी के निदेशक (मानव संसाधन) के रूप में कार्यभार ग्रहण किया। उल्लेखनीय है कि अनिल कुमार सन 1993 में एनटीपीसी में एक्जीक्यूटिव ट्रेनी के रूप में अपने करियर की एक्जीक्यूटिव ट्रेनी के रूप में शुरूआत की थी जिसके बाद से लेकर एनटीपीसी के मानव संसाधन विभाग में शीर्ष पद तक पहुंचना उनकी प्रगति उनके जुनून, समर्पण और कठिन परिश्रम का प्रतीक है। श्री जाडली गढ़वाल विश्वविद्यालय से ऑर्गेनिक केमिस्ट्री में स्नातकोत्तर की डिग्री हासिल की है और एमडीआई, गुड़गांव से मानव संसाधन प्रबंधन में बिजनेस मैनेजमेंट में स्नातकोत्तर डिप्लोमा प्राप्त किया है। उन्होंने ईएससीपी ईएपी (पेरिस, बर्लिन और ट्यूरिन) से प्रबंधन और नेतृत्व में प्रशिक्षण भी प्राप्त किया है।उनका करियर तीन दशकों से भी अधिक का रहा है, जिसमें उन्होंने लाइन और मानव संसाधन दोनों कार्यों में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। गौरतलब है कि लगभग एक दशक तक लाइन कार्य में काम करने के बाद, उन्होंने सन 2004 में मानव संसाधन विभाग में प्रवेश किया। बता दें कि सन 2004 से उन्होंने एनटीपीसी की विभिन्न परियोजनाओं में मानव संसाधन के विभिन्न पहलुओं की जिम्मेदारी संभाली, जिसमें उन्होंने मानव संसाधन प्रमुख के रूप में भी काम किया है। सन 2020 में वे कॉर्पोरेट मानव संसाधन विभाग में आए, जहाँ से उन्होंने विभिन्न मानव संसाधन रणनीतियों और पहलों के निर्माण और कार्यान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।अनिल कुमार जाडली पीएलएफ से पहले लोग की पॉलिसी में दृढ़ विश्वास रखते हैं एवं उनके समृद्ध और विविध अनुभव के साथ एनटीपीसी (मानव संसाधन विभाग) भविष्य में नई उपलब्धियाँ हासिल करेगा। कार्यभार ग्रहण करने के पश्चात एनटीपीसी के अधिकारियों कर्मचारियों से रूबरू होते हुए उन्होंने कहा कि अपने मातहतों के सहयोग से एनटीपीसी मानव संसाधन विभाग को नई ऊंचाइयों पर ले जाना ही हमारी प्राथमिकता होगी।

## मृत हार्दिक विश्वकर्मा के दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग



**जंघई।** थाना सरायममरेज एवं पुलिस चौकी जंघई के अंतर्गत हरीपुर पट्टी गांव निवासी धर्मेंद्र विश्वकर्मा के अनुसार उनके पुत्र हार्दिक विश्वकर्मा 14 वर्ष ने प्रधानाध्यापक जलालपुर पूर्व माध्यमिक विद्यालय की प्रताड़ना से आजीज कार मंगलवार को फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर लिया था और धर्मेंद्र विश्वकर्मा ने नामजद रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। शनिवार को दोपहर में राजेश विश्वकर्मा देवदूत विश्वकर्मा सेना भारत के संस्थापक पूर्व विधानसभा प्रत्याशी, प्रभारी आम आदमी पार्टी पीड़ित के घर हरीपुर पट्टी अपने टीम के साथ पहुंचे और शोकाकुल परिवार से मिले और बताया कि मेरी बात हार्दिक विश्वकर्मा के पिता से हुई तो बोले नामजद मुकदमा दर्ज है पर कोई कार्यवाही नहीं हो रही है। प्रधानाध्यापक की अभी तक गिरफ्तारी नहीं हुई है और न अभी तक उसको कार्यमुक्त किया गया है। अतः शनिवार को चौकी इंचार्ज जंघई संजय कुमार मौर्य को दिये गये ज्ञापन के माध्यम से मैं जिलाधिकारी प्रयागराज, पुलिस आयुक्त प्रयागराज मंडल, कमिश्नर प्रयागराज मंडल, बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रयागराज, एसपी गंगानगर, एसीपी हंडिया, एसएचओ सरायममरेज से मांग करता हूं कि अविलंब प्रधानाध्यापक को कार्यमुक्त करते हुए गिरफ्तार किया जाए।

**न्यूज झरोखा**

### महिलाओं ने पुत्र की दीर्घायु के लिए हलछठ का किया पूजा अर्चना



**करछना** प्रयागराज शनिवार को करछना क्षेत्र में हलछठ का पर्व धूमधाम से मनाया गया। व्रती महिलाओं के द्वारा परिवार की खुशहाली और संतान की लंबी उम्र के लिए हलछठ का व्रत रखकर भगवान शिव और पार्वती की पूजा अर्चना किया गया। अपनी संतान की दीघार्यु होने की कामना की गई। क्षेत्रमें अलग-अलग जगह पर महिलाओं की समूह ने कुस,बैर व महुआ की टहनियों को जमीन में गाड़ कर उसमें गड्ढा बनाया। इसके बाद गड्ढे में पानी डालकर महुआ, चना, ज्वार,बाजरा,चावल,व अन्य पांच प्रकार के भुने हुए अनाज को मिट्टी के कुल्हड़ व महुआ के पत्ते से बना दोना में डालकर मुहूर्त के अनुसार विधि विधान से पूजा अर्चना किया। इस व्रत का संबंध भगवान श्री कृष्ण के बड़े भाई बलराम जी से हैं। इस दिन जन्माष्टमी की तरह व्रत रखने की परंपरा है।

### सहसों में लगा शिविर, 20 लोगों ने किया रक्तदान




**सहसो।** स्वास्तिक चैरिटेबल एवं वेलफेयर सोसाइटी द्वारा शनिवार को सहसों बाईपास पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर का शुभारंभ करते हुए जिला उपाध्यक्ष भाजपा गंगापार अनिरुद्ध सिंह पटेल ने कहा कि रक्तदान कर मानवता के लिए अपनी सहभागिता करते हुए मानव सेवा के लिए कार्य करने का हम सभी का कर्तव्य होता है। इस मौके पर कार्यक्रम के आयोजक अखिलेश सिंह ने कहा कि हर व्यक्ति को किसी की जान बचाने के लिए रक्तदान जरुर करना चाहिए। इससे स्वास्थ्य पर कोई भी दुष्प्रभाव नहीं पड़ता। इस अवसर पर नागेंद्र पटेल, सभा लाल पटेल एवं रामराज ने रक्तदान करने वाले 20 रक्तदाताओं को सुरक्षा के लिए हेलमेट व प्रमाण पत्र देकर उन्हें सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से भूपेंद्र मिश्र पप्पू , अमर बहादुर, मानिकचंद, आनंद पटेल, राकेश कुमार, आदर्श कुमार, जगदीश सिंह, मुस्कान, अनुपम सिंह सहित आदि लोग मौजूद रहे।

### देवदूत वानर सेना की मंथन चित्रकूट में आज

**नैनी।** कॅरोना काल मे लोगो के मदद से लोगो के सहयोग करने वाली संस्था आज सोशल मीडिया अन्य जगहों पर चर्चित का विषय बन गया है। आज हर जिले- हर स्टेट में वानर सेना के सक्रिय कार्यकर्ता दिखते नजर आते है। इलाहाबाद विश्वविद्यालय के पूरा छात्र और पीसीएस अधिकारी व वानर सेना की संरक्षक अजित प्रताप सिंह ने अपने संगठन देवदूत वानर सेना के माध्यम से जरूरतमंद लोगों के लिए सदैव तत्पर्य रहते है और अपने संगठन के माध्यम से लोगो की मदद के लिए हर सम्भव प्रयास करते रहते है उन्होने बताया कि सामाजिक कार्यकर्ता और देवदूत वानर सेना इस मंथन चित्रकूट में बढ़ चढ़कर हिस्सा ले और कार्यक्रम को सफल बनायें राष्ट्रवादी नौजवान सभा के संस्थापक,वानर सेना के संरक्षण,पूर्व सांसद धनंजय सिंह ने बताया है कि आपका आना हम सबके लिए उत्साह जनक होगा और समाज मे लोगो की मदद करने की प्रेरणा मिलेगी।

# महायज्ञ को सफल बनाए जाने हेतु ब्लॉक सभागार में संपन्न हुई बैठक



**करछना।** ब्लॉक सभागार में ब्लॉक प्रमुख सरोज द्विवेदी की अध्यक्षता में शुक्रवार को एक बैठक हुई। जिसमें मुख्य रूप से करछना विधायक पीयूष रंजन निषाद मौजूद रहे। उन्होंने क्षेत्र में जन कल्याण हेतु होने जा रहे महायज्ञ को सफल बनाए जाने के लिए लोगों से महायज्ञ में शामिल होने व सहयोग किए जाने की अपील की। बैठक में मौजूद रहे महायज्ञ के अधिष्ठाता मनकेश्वर धाम लालापुर के पूज्य बृजेशानंद जी महाराज ने लोगों को बताया कि सर्वजन हिताय ,सर्वजन सुखाय हेतु विश्व के इतिहास में पहली बार द्वादश ज्योतिलिंगों को समर्पित 12 करोड़ पार्थिव शिवलिंगों का निर्माण 15 नवंबर से 15 दिसंबर तक माहभर के लिए आयोजित किया जा रहा है। जिसमें अनवरत महा भंडारा तथा पार्थिव महाभिषेक का दिव्य संगम होगा । उन्होंने बताया कि इसके लिए यमुना पार में 21 केंद्रों का निर्माण किया जा रहा है। जिसमें करछना के कुशगढ़ धाम स्थित प्राचीन शिव मंदिर को एक केंद्र बनाया गया है। जिसके संयोजक करछना विधायक व ब्लॉक प्रमुख करछना रहेंगे। बैठक में भाजपा के वरिष्ठ नेता कमलेश द्विवेदी , लक्ष्मी शंकर पांडेय ,कमल मिश्र, प्रदीप त्रिपाठी ,प्रमोद सोहगौरा, रिंकू सिंह ,नरेश सोनकर ,कपिल तिवारी ,प्रदीप पाठक ,परमानंद पटेल ,प्रदीप मिश्र, संजय गुप्ता सहित ग्राम प्रधान व क्षेत्र पंचायत सदस्य लोग मौजूद रहे।

# रोजमर्रा की भौतिकी का अध्ययन सामान्य उपयोग की सामग्री के साथ संभव है : डा. गुप्ता





**करछना।** प्रयागराज प्रयाग इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट में पांच दिवसीय इंस्पायर साइंस कैम्प के चौथे दिन प्रथम सत्र में दिल्ली विश्वविद्यालय के रसायन विज्ञान के प्रोफेसर डॉ आर के शर्मा ने बताया कि रसायन विनिर्माण ने वैश्विक आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी है। डा शर्मा ने छात्रों को समझाया कि रसायन का मानव स्वास्थ्य और पर्यावरण पर पड़ रहे गंभीर प्रभाव वर्तमान में चिंता का विषय है जिसके सुधार के लिए एवं सामाजिक लाभों के लिए हरित रसायन विज्ञान को अपनाने की जरूरत है। प्रथम सत्र के बाद छात्रों को रसायन विज्ञान, भौतिक विज्ञान, वर्कशॉप एवं अन्य प्रयोगशालाओं में प्रैक्टिकल कराया गया। साइंस कैम्प के दूसरे सत्र में आईआईटी कानपुर के भौतिक विज्ञान के प्रोफेसर डा राजीव गुप्ता ने सामान्य उपयोग सामग्री के साथ रोजमर्रा की भौतिकी विषय पर बहुत से मॉडल एवं प्रैक्टिकल के माध्यम से छात्रों का ध्यान भौतिक विज्ञान की ओर आकर्षित किया। कार्यक्रम का संचालन श्री आसमा नंद सिंह ने किया। कार्यक्रम में संस्थान के चेयरमैन ज्ञान सिंह, सचिव विकास सिंह, प्रकाश सिंह, प्राचार्य राम रक्षा त्रिपाठी, रजिस्ट्रार आशीष तिवारी, महिपाल सिंह, हिंच लाल पटेल, वीरेंद्र सिंह, हिमांशु द्विवेदी, भोला पांडे, रबिंद्र सिंह, मनीष सिंह, मोमिश पांडे, सुप्रिया श्रीवास्तव, अरविंद पांडे आदि लोग उपस्थित रहे।

# राहुल गांधी बोले : देश की सत्तर फीसदी आबादी के हिसाब से बनाई जाएं नीतियां, भाजपा की नीतियां चंद लोगों के लिए

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने देश की आबादी के हिसाब से नीतियां बनाई जानी चाहिए, तभी सबको सरकार की योजनाओं का लाभ मिल सकता है। देश की आधी आबादी ओबीसी है। 15 प्रतिशत दलित, आठ प्रतिशत आदिवासी हैं। यह मिलाकर 73 प्रतिशत होता है। अभी इसमें अल्पसंख्यक नहीं शामिल हैं। देश की जो आबादी है जो सच्चाई है उसके हिसाब से हम पॉलिसी नहीं बनाएंगे तो फिर क्या मतलब है। राहुल गांधी शनिवार को इलाहाबाद मेडिकल एसोसिएशन (एएमए) के स्टेनली रोड महाराणा प्रताप चौराहा स्थित कन्वेंशन सेंटर में संविधान सम्मान सम्मेलन को बतौर मुख्य वक्ता बोल रहे थे।राहुल गांधी ने कहा कि यदि आबादी के हिसाब से नीतियां नहीं बनाई जाती हैं तो जरूरतमंदों को इसका कोई लाभ नहीं मिलेगा और पॉलिसी बनाने का कोई मतलब नहीं है। राहुल गांधी ने कहा कि देश की 70 फीसदी आबादी के हिसाब से नीतियां नहीं बनाई जा रही हैं। केंद्र सरकार की नीतियां सिर्फ चुनिंदा पूजीपतियों और तीस फीसदी लोगों के लिए है। अधिकांश आबादी को केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ नहीं मिल रहा है। संविधान यह कहता है कि सभी नागरिक एक समान हैं और सभी को बराबर अधिकार मिलना चाहिए।





## एक नहीं, सभी जातियों की हो जनगणना

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा कि भाजपा कह रही है कि वे जाति जनगणना करेंगे और एक ओबीसी वर्ग को शामिल करेंगे। पहली बात यह है कि जाति जनगणना में सिर्फ ओबीसी का उल्लेख करना पर्याप्त नहीं है। विभिन्न समुदाय हैं, और हम उन सभी की एक सूची चाहते हैं। हमारे लिए, यह सिर्फ एक जनगणना के बारे में नहीं है; यह नीति-निर्माण की नींव है।उन्होंने कहा कि मैं यह स्पष्ट करना चाहता हूं कि हम सिर्फ एक जाति जनगणना के बारे में बात नहीं कर रहे हैं, जाति जनगणना जनसंख्या के बारे में जानकारी प्रदान करेगी कदम क्योंकि भागीदारी सुनिश्चित करने से पहले जनसंख्या को समझना आवश्यक है, हालांकि, जनसंख्या को जानना अंतिम कदम नहीं है। मेरा दृष्टिकोण यह समझना है कि भारत में धन कैसे वितरित किया जाता है।

# ट्रेन से गिरकर सब इंस्पेक्टर की मौत परिजनों में मचा कोहराम

अखंड भारत संदेश



**झूंसी।** भदोही में तैनात सब इंस्पेक्टर अजय त्रिपाठी गुरुवार राय झूंसी रेलवे स्टेशन पर ट्रेन से उतरने का हादसे के शिकार हो गए। अस्पताल में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। इस घटना की जानकारी मिलते ही उसके परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस परिवार की ओर से उनको श्रद्धांजलि दी गई। पुलिस ने बताया कि गाजीपुर सादात थाना के रिस्ति गांव निवासी 55 वर्ष सब इंस्पेक्टर अजय त्रिपाठी की वर्तमान में भदोही जिले में स्थित एसपी कार्यालय के विधि प्रकोष्ठ में तैनाती थी। उनका प्रयागराज से भी गहरा रिश्ता था। वह झूंसी के त्रिवेणीपुरम में परिवार के साथ रहते थे। पुलिस मुख्यालय में उन्होंने एडीजी पीएचक्यू के चार्टर्ड अकाउंटेंट के साथ व आईजी कार्यालय में लंबी अवधि तक सेवा की थी। वर्तमान में वह भदोही जिले की एसपी कार्यालय स्थित विधि प्रकोष्ठ में तैनात थे। गुरुवार को सरकारी काम से प्रयागराज आ रहे थे। पुलिस ने बताया कि रात करीब 9:30 बजे पटना सिकंदराबाद ट्रेन से स्टेशन से उतरने के दौरान हादसे के शिकार हो गए। उनका एक हाथ और एक पैर कट गया जिससे अत्यधिक खून बहने लगा। इस हादसे से वहां खलबली मच गई। जीआरपी व स्थानीय पुलिस की मदद से उन्हें अस्पताल भेजा गया। इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। शुक्रवार को पुलिस में उनके पार्थिव शरीर का पोस्टमार्टम करा कर परिजनों को अंतिम संस्कार के लिए सौंप दिया। जिसके बाद उनका झूंसी के छतनाग घाट पर अंतिम संस्कार किया गया।

# दूसरे दिन 10 हजार ने छोड़ दी पुलिस भर्ती परीक्षा, 40 हजार से ज्यादा परीक्षार्थी हुए शामिल



**प्रयागराज।** सिपाही भर्ती 2024 के लिए दूसरे दिन हुई परीक्षा में 10 हजार अभ्यर्थी गैरहाजिर रहे। कुल 45 हजार में से 35 हजार अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी। पहले दिन की तरह ही परीक्षा पूरी तरह शांतिपूर्वक रही और कहीं से भी किसी तरह की गड़बड़ी की शिकायत नहीं मिली।दूसरे दिन भी कड़े इंतजाम किए गए थे। आला अफसर खुद अलग-अलग केंद्रों पर पहुंचकर निरीक्षण में लगे रहे और सुनिश्चित किया कि परीक्षा की शुचिता बनी रहे। जनपद में कुल 63 केंद्र बनाए गए हैं। पहली पाली की परीक्षा सुबह 10 से 12 और दूसरी पाली की परीक्षा दोपहर तीन से शाम पांच बजे तक आयोजित की गई। दोनों पालियों कुल 45,744 अभ्यर्थियों को बुलावा पत्र भेजा गया था और शनिवार को दोनों पालियों में उपस्थिति करीब 78 फीसदी रही।इस तरह से 35600 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी जबकि लगभग 10 हजार ने परीक्षा छोड़ दी। सिपाही भर्ती परीक्षा के नोडल अधिकारी डीसीपी आशुतोष द्विवेदी ने बताया कि दूसरे दिन भी कोई गड़बड़ी की शिकायत नहीं मिली है। करीब 22 फीसदी गैरहाजिर रहे।

# मोबाइल छीनकर भाग रहे युवक को ग्रामीणों ने पकड़कर पुलिस को सौंपा

**प्रयागराज।** एयरपोर्ट थाना क्षेत्र के लोकीपुर गांव में रात 8 बजे दुकान से घर जा रहे युवक के हांथ से बाइक सवार युवक मोबाइल छीनकर पूरामुफ्ती थाना क्षेत्र की तरफ भाग रहे थे। मोबाइल छीनकर भाग रहे एक युवक को पूरामुफ्ती थाना क्षेत्र के जनका गांव में ग्रामीणों ने घेरकर पकड़ लिया जबकि दो अन्य युवक ग्रामीणों को चकमा देकर फरार होने में सफल हो गए। जानकारी के मुताबिक एयरपोर्ट थाना क्षेत्र के लोकीपुर गांव में अंकुश नाम का युवक अपने ननिहाल में रहकर पढ़ाई करता है। गांव से कुछ दूरी पर उसका मामा दुकान खोल रखा है। रात 8 बजे युवक दुकान से घर जा रहा था। इसी दौरान एक ही बाइक पर सवार होकर तीन युवक आए और युवक के हांथ से मोबाइल छीनकर भाग रहे थे। मोबाइल छीने जाने पर युवक ने होहल्ला मचाया। युवक की आवाज सुनकर गांव के लोग टूट पड़े और मोबाइल छीन कर भाग रहे युवकों का पीछा करते हुए पूरामुफ्ती थाना क्षेत्र के जनका गांव के ग्रामीणों के सहयोग से पकड़ कर पुलिस को सौंप दिया। पुलिस मोबाइल छीनकर भाग रहे युवक और बाइक को हिरासत में लेकर जांच पड़ताल में जुट गई।

### अशोक टॉकीज चौराहे के समीप गिरा सीवर लाइन का पोल, महिला घायल

**नैनी।** नैनी थाना क्षेत्र अंतर्गत अशोक टॉकीज चौराहे के समीप शनिवार को दोपहर में सड़क किनारे लगा सीवर लाइन का पोल अचानक गिर गया। इसकी चपेट में लक्ष्मी नगर मोहल्ले की रहने वाली तारा देवी पत्नी रमेश चंद भारतीय आ गई। जिससे उसका पैर दो भागों में बंट गया। स्थानीय लोगों के मदद से एंबुलेंस से उसे अस्पताल भेजा गया।

# कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कार्यकताओं से मुलाकात किया



**नैनी।** नैनी कांग्रेस पार्टी कार्यालय काटन मिल तिराहा में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय और राष्ट्रीय महासचिव अविनाश पाण्डे ने कांग्रेस पार्टी के कार्य कताओं से पार्टी को गतिशील और सक्रियता प्रदान करने के लिए हर वार्डों में सघन जनसंपर्क करने की हिदायत दिया। अजय राय ने उक्त बातें एक गेस्ट हाउस में आयोजित राजीव गाँधी युवा किसान पंचायत कार्यक्रम से वापस होते हुए कार्यालय में ब्यक्त किया। और स्थित शिव पार्वती, हनुमान जी के मन्दिर में दर्शन भी किया। यह कार्यक्रम शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष प्रदीप कुमार मिश्रा अंशुमन के नेतृत्व में सम्पन हुआ। क्रम में प्रभारी विश्व विजय सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष राघवेंद्र नाथ सिंह, मनीष मिश्रा, विजय मिश्रा, उज्जवल शुक्ला, शहर कांग्रेस उपाध्यक्ष नयन कुमार कुशवाहा, महासचिव महानगर कांग्रेस राकेश श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष विवेक पाण्डे, महासचिव अंजुम नाज, सचिव प्रदीप वर्मा, राज कुमार कुशवाह, वीरेंद्र शर्मा, शिव शंकर मिश्रा, वैभवी, नागेश भारतीय, राजू भारतीय, विनोद जैकब, धीरेंद्र यादव, मुन्नाजाफरी, विजय कुशवाहा, निजामुद्दीन आदि लोग शामिल रहें।

# आकाशीय बिजली गिरने से 47 भेड़ों की मौत



**सोरांव।** स्थानीय थाना क्षेत्र के दांदूपुर गांव में शुक्रवार को रोज की तरह भेड़ पालक जंगी लाल पाल पुत्र श्री नाथ अपनी 22 भेड़ तथा भेड़ पालक सुकरू पाल पुत्र राम लाल अपनी 28 भेड़ी को चारा पानी देने के बाद दोनो भेड़ पालक एक साथ में करीब 50 भेड़ को चहर दिवारी में जाल लगाकर पाला था। बीती रात आकाशीय बिजली गिरने से करीब 47 भेड़ों की मौत हो गई। सुबह जब भेड़ पालक चारा पानी देने गया तो भेड़ें मृत थी। मृत भेड़ों को देखकर आश्चर्यचकित हो गया। मामले में राजकीय उप मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी सोरांव डॉक्टर रेवती प्रसाद को सूचना दिया गया। मौके पर रेवती प्रसाद अपनी डाक्टरों की टीम के साथ घटना स्थल पर पहुंचे तथा तथा सभी मृत भेड़ों का मेडिकल मुआयना किया गया। पश्चात भेड़ पालक सभी मृत भेड़ों को जेसीबी के माध्यम से खुदाई कर बगल खेत में दफना दिए। लेखपाल के रिपोर्ट के मुताबिक मृत सभी भेड़ों की कीमत करीब 5 लाख बताई गई।

# जिलाधिकारी ने पुलिस भर्ती परीक्षा के दौरान परीक्षा केन्द्रों का किया औचक निरीक्षण



अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल के द्वारा शनिवार को भी जनपद के विभिन्न केन्द्रों पर आयोजित हो रही उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा को सकुशलढंग से सम्पन्न कराये जाने के दृष्टिगत द्वारिका प्रसाद गर्ल्स इण्टर मीडिएट कालेज, इलाहाबाद विश्वविद्यालय सहित अन्य परीक्षा केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने परीक्षा केन्द्रों में पुलिस भर्ती परीक्षा की मानीटरिंग हेतु बनाये गये कंट्रोल रूम का निरीक्षण करते हुए वहां पर सीसीटीवी कैमरों की क्रियाशीलता व इसके माध्यम से हो रही मानीटरिंग का परीक्षण किया। जिलाधिकारी ने प्रत्येक परीक्षा केन्द्र पर नियुक्त स्टैटिक मजिस्टेज्ट, प्रधानाचार्य व अन्य सम्बंधित से परीक्षा केन्द्र पर कुल कितने अभ्यर्थिंयों का नामांकन है तथा उसके सापेक्ष कितने अभ्यर्थी आज की परीक्षा में सम्मिलित हुए है तथा सम्बंधित केन्द्र में परीक्षा कितने कक्षों में आयोजित हो रही है एवं उनके बैठने के सीटिंग अरेजमेंट व अन्य व्यवस्थाओं की जानकारी प्राप्त करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिलाधिकारी के द्वारा केन्द्रों के प्रत्येक परीक्षा कक्ष का निरीक्षण किया गया तथा अभ्यर्थिंयों की पहचान के लिए आधार प्रमाणीकरण की जानकारी भी प्राप्त की।

### भाजपा मंडल सहसों की बैठक में राजधर द्विवेदी को बनाया गया सदस्यता प्रमुख

**सहसों।** भारतीय जानता पार्टी कार्यकताओं की मंडल सहसों कार्यालय पर मंडल अध्यक्ष अनिल सरोज की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गई। जिसमें पार्टी शीर्ष नेतृत्व द्वारा राजधर द्विवेदी को सहसों मंडल का सदस्यता प्रमुख और विमल मिश्रा एवं संतोष सिंह को सह सदस्यता प्रमुख बनाया गया। जिस पर सभी कार्यकताओं ने खुशी का इजहर करते हुए बधाई दिया। बैठक में मुख्य वक्ता वीरेन्द्र बहादुर सिंह अध्यक्ष भूमि विकाश बैंक फूलपुर ने उपस्थित कार्यकताओं को संबोधित करते हुए तीन चरण की सदस्यता के बारे में संगठन द्वारा दिशा निर्देश की जानकारी देते विस्तार से बताया। बैठक में मुख्य रूप से जय प्रकाश दूबे, रमेश कुमार दूबे, सत्यम हिन्दू , मुकेश दुबे, पुष्कर सिंह, पवन शुक्ला, संजय सिंह, रमेश पटेल, राजेश सरोज, सूर्यमणि पांडे, महेश सिंह, दया सिंह, लवकुश बिंद, अमन सिंह राजपूत, लता विश्वकर्मा,नीतू भारतिया, राहुल सिंह, मुन्ना दुबे, प्रमोद शुक्ला, रंजन तिवारी, वीरेंदर शुक्ला, जीतेन्दर तिवारी, सहित आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## न्यूज झरोखा

### महर्षि विद्या मन्दिर नैनी में मना ब्रह्मचारी डॉ. गिरिश चन्द्र वर्मा जी का जन्मोत्सव मनाया गया



**नैनी।** नैनी शनिवार को महर्षि विद्या मन्दिर विद्यालय समूह के अध्यक्ष ब्रह्मचारी डॉ. गिरीश चन्द्र वर्मा जी का जन्मोत्सव समारोह हर्ष एवं उल्लास के साथ महर्षि विद्या मन्दिर नैनी मे मनाया गया। कार्यक्रम का शुभांरम्भ श्री गुरूचरण वन्दना से हुआ। तत्पश्चात विद्यालय की शिक्षीकाओं ने जन्म दिवस गीत प्रस्तुत किए। प्रधानाचार्या पूजा चन्दोला ने अध्यक्ष जी के 64 वें जन्मदिवस की शुभकामना व्यक्त करते हुए उदबोधन में कहा कि माननीय चेयरमैन आज 64 वर्ष के पूरे हुए। परमपूज्य ब्रह्मलीन महर्षि महेश योगी जी के सपनों को साकार करने मे पूर्णरूप से प्रयासरत है। उन्होंने यह भी बताया कि संस्था के अध्यक्ष गिरीश को शंकराचार्य महराज द्वारा वेद विद्या मार्तण्ड की उपाधि से अलंकृत किया गया। विश्वशांति आन्दोलन के माध्यम से अजेयता का पताका प्रसारित किया जा रहा है। प्रधानाचार्या ने अध्यक्ष जी की जन्मदिन की बधाइयाँ देते हुए कहा कि, पश्येत शरदः शरतम् जीवेत शरदः शतम।

### एसआरकेडी पब्लिक स्कूल में कृष्ण जन्माष्टमी धूम धाम से मनाया गया




**नैनी।** नैनी क्षेत्र के दांडी बाजार में एसआरकेडी पब्लिक स्कूल, संवाद में कृष्ण जन्माष्टमी धूम धाम से मनाया गया जिसमें बच्चों ने नृत्य और प्रदर्शन के माध्यम से कृष्ण लीला प्रस्तुत की जिसमें बच्चों ने कालिया नाग वध, कृष्ण सुदामा की मित्रता, कृष्ण आरती, गणेश वंदना, हांडी फोड़ जैसे कार्यक्रम पर प्रस्तुति की साथ ही कृष्ण की गोवर्धन पर्वत उत्थाने और राधा माखन मरने की झांकी भी दिखई गई सभी परफॉर्मेंस से बच्चों ने वाहा उपस्थित सभी दर्शकों का मन मोह लिया कुछ परफॉर्मेंस से तो अभिभावक की आंखों से आंसू भी आए अपने बच्चों का टैलेंट देख एसआरकेडी पब्लिक स्कूल के जन्माष्टमी उत्सव में प्रबंधक अश्वनी कुमार शिक्षक लक्ष्मीकांत, शिल्पा हीरा, दिव्या, गुलिस्ता, आभा, पूर्णिमा आदि वा एंकर प्रिया मांझी, सभी अभिभावक गण उपस्थित रहे।

# दबंगों ने ट्रांसफार्मर और खंभे को तोड़ा,जेई ने पांच लोगों के खिलाफ दर्ज कराया मुकदमा

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** प्रयागराज में उतरांव थाना क्षेत्र के मैराडाढ़ गांव में दबंग लोगों ने भाजपा नेता से दबंगई करते हुए खंम्भे से बिजली का तार खींचने नहीं दिया। इसके बाद जेसीबी से सरकारी खम्भें और ट्रांसफार्मर को तोड़ दिया गया। मामले में जेई ने दबंगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।जानकारी के अनुसार मैराडाढ़ गांव निवासी बुधि राम पटेल भाजपा नेता हैं। तीन अगस्त को आंधी-तूफान से उनके टुल्लू पंप का बिजली का तार टूट गया था।आरोप है कि भाजपा नेता द्वारा जब बिजली का तार जोड़ा जाने लगा तो पड़ोस के दबंग किस्म के आधा दर्जन लोगों ने तार को खंभे से जोड़ने नहीं दिया। भाजपा नेता ने थाने पर शिकायत की तो दबंगों ने गुंडई की सीमा पार कर दी।जेसीबी से खंम्भे और ट्रांसफार्मर को गिरा कर तोड़ दिया गया। जिस पर विद्युत उपकेन्द्र आरा कलां के जेई कैलाश प्रसाद ने थाने आकर पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। जेई की तहरीर पर पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।मामले को लेकर थानाध्यक्ष उतरांव पंकज कुमार त्रिपाठी ने कहा कि कानून को हाथ में लेने वाले बख्शेंगे नहीं जाएंगे।



### भाजपा कार्यकताओं ने जलकर का एरिया माफ करने के लिए महापौर को दी बधाई

**नैनी।** नैनी भाजपा कार्यकताओं ने महापौर को दी बधाई भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा महानगर प्रयागराज के उपाध्यक्ष पूर्व कनिष्ठ ब्लॉक प्रमुख संजय श्रीवास्तव की अध्यक्षता में बैठक करके प्रयागराज के महापौ गणेश केसरवानी को बधाई दी गई जलकर का दो वर्ष पुराना एरिया माफ करने के लिए महापौर को बहुत बहुत बधाई कार्यकताओं ने दिया जिसमें भवन स्वामियों को लाभ मिलेगा। इसके लिए महापौर का प्रयास सराहनी है कार्यकताओं ने बधाई देते हुए महापौर गणेश केसरवानी को कहा इसी तरह नगरवाशियो। की सेवा करते रहे। इस अवसर पर सेक्टर प्रभारी प्रदीप तिवारी वरिष्ठ भाजपा नेता सुनील कुशवाह मंडल अध्यक्ष नीरज शर्मा दिव्यांग प्रकोष्ठ संयोजक सुनील विश्वकर्मा नित्यानंद मिश्रा महामंत्री उमेश सेन रमेश पटेल धर्मराज पटेल पियूष मिश्रा दिनेश कुशवाहा भाजपा नेता मोहित अग्रहरि बाबूजी यादव धीरज यादव आदि कार्यकताओं ने जलकर माफ करने के लिए महापौर को बधाई दिया।

## खलिहान की भूमि पर अवैध निर्माण कर किया जा रहा कब्जा

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** ग्रामीण क्षेत्रो मे भी भूमाफिया लोग ग्राम पंचायत की सुरक्षित भूमि पर अवैध रूप से निर्माण कार्य कराकर मकान खड़ा कर दिया जिनको योगी सरकार के बुल्डोजर का जरा भी डर नही है अभी हाल ही मे अस्थान गाव के गोलहन का पुरवा मे अवैध निर्माण पर मकान बन जाने पर योगी सरकार का बुल्डोजर चल गया। अब अस्थान गांव मे एक और भूमाफिया ने सुरक्षित भूमि पर अवैध निर्माण कराकर मकान बना लिया जिसकी शिकायत गांव के लोगों ने एसडीएम कुण्डा से की, जिस पर उपजिलधिकारी कुंडा ने हल्का लेखपाल राजकुमार पाल को जाँच कर आख्या दे और सुरक्षित भूमि को खाली कराएं, जिस पर लगभग दस दिन बीत गये अभी तक किसी प्रकार की कोई कारवाई राजस्व विभाग द्वारा नही की गयी।

# प्रांतीय चुनाव में कोषाध्यक्ष अभय खण्डेलवाल चयनित हुए प्रांतीय उपाध्यक्ष

### शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए प्रतापगढ़ के पदाधिकारी

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल का लखनऊ में हुए प्रांतीय चुनाव में चयनित प्रांतीय अध्यक्ष बनवारीलाल कंछल और वरिष्ठ प्रांतीय महामंत्री रमेश अग्रहरी के साथ अन्य पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह कार्यक्रम अयोध्या में बड़े धूमधाम से संपन्न हुआ।

प्रांतीय शपथ ग्रहण समारोह में व्यापार मंडल प्रतापगढ़ से जिलाध्यक्ष राजेंद्र कुमार केसरवानी महामंत्री संजय सोनी कोषाध्यक्ष अभय खंडेलवाल प्रांतीय सदस्य प्रवीण केसरवानी मीडिया प्रभारी जगदीश मौर्य (जंबो) एवं श्याम शंकर सिंह आदि अन्य लोग शामिल हुए। प्रांतीय चुनाव में प्रतापगढ़ व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष राजेंद्र कुमार केसरवानी के प्रस्तावना पर कोषाध्यक्ष अभय खंडेलवाल को प्रांतीय उपाध्यक्ष पद हेतु चयनित हुए जिससे अभय खंडेलवाल ने व्यापारिक संविधान एवं गोपनीयता की शपथ लेकर प्रांतीय उपाध्यक्ष के पदभार को ग्रहण कर प्रतापगढ़ व्यापार मंडल की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि अयोध्या के महंत मैथिली शरण नंदन एवं लक्ष्मणाधीश महाराज के अशीर्वचनों से प्रारंभ हुआ जिसमें उन्होंने व्यवसायियों को युगों युगों से देश और समाज के विकास एवं उन्नति का कर्णधार बताया। अयोध्या महापौर गिरीश त्रिपाठी ने राम धुन भजन गाकर व्यापारियों के हित हेतु सदैव समर्पित रहने का अश्वासन दिया। उपरोक्त शपथ ग्रहण समारोह में जिले से सरदार महेंद्र सिंह राहुल केसरवानी शकील अख्तर सुनील जायसवाल ज्ञान प्रकाश केसरवानी सरदार कुलविंदर सिंह प्रमोद केसरवानी मनीष केसरवानी पवन अग्रवाल अशोक केसरवानी बृजेंद्र खंडेलवाल शाहबाज खाऩ योगेश खंडेलवाल पंकज केसरवानी प्रभात सोनी अरविन्द केसरवानी रामेश्वर प्रसाद स्वप्निल जायसवाल प्रह्लाद खंडेलवाल विष्णू सिंह अमृतलाल सोनी राहुल श्याम गुप्ता नारायण खंडेलवाल उवैद उल्ला जाफरी सरदार वसिंदर सिंह दीपक केसरवानी दीपू अख्तर राइन प्रदीप यादव आशीष सिंह आदि मौजूद रहे।




शपथ ग्रहण समारोह में प्रांतीय अध्यक्ष के साथ प्रतापगढ़ के पदाधिकारी।

## गड्ढे में फंसी स्कूली वाहन, बाल बाल बचे बच्चे

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** गांव में पानी की सप्लाई के लिए पाइप डालने के दौरान बने गडढे में स्कूली वाहन चली गयी। उसमे बैठे आधा दर्जन बच्चे बाल बाल बच गये। ग्रामीणों ने पाइप डालने वाले जिम्मेदार कार्यदायी संस्था के खिलाफ आक्रोश जताया।

विकासखण्ड सांगीपुर अन्तर्गत परानीपुर गांव में जल जीवन मिशन के तहत जल निगम द्वारा पेयजल टंकी बनायी गयी है। टंकी से गांव में पानी सप्लाई के लिए जेसीबी से खुदाई कराकर अंडरग्राउण्ड पाइप डाली गयी है। लेकिन गडढो को ठीक से बंद न करने से बरसात में गडढे में जलभराव से समस्या बन गयी है। रायबरेली जनपद अन्तर्गत बाबा गोकुलदास इण्टर कालेज मधुकरपुर परशदेपुर की मैजिक शनिवार को उदयपुर इलाके के पूरे लोकई, पूरे गौतम, रामनगर कोल आदि गांव के आधा दर्जन बच्चों को लेकर सुबह स्कूल जा रही थी। रामनगर कोल के पास पाइप डालने के दौरान बने गडढ़े में मैजिक चली गयी और पलटने से किसी तरह बच गयी। इससे उसमे बैठे बच्चे बाल बाल बच गये। चीखपुकार सुनकर गांव के लोग भागकर पहुंचे और बच्चों को मैजिक बाहर निकाला। विद्यालय के प्रबंधक महन्त यादव का कहना है कि सभी बच्चे सुरक्षित हैं। गडढो को बंद कराने के लिए जिम्मेदारों को शिकायती पत्र भेजा जाएगा।

## आनंदवन इंटर कालेज में मनी कृष्ण जन्माष्टमी

### विद्यालय के बच्चों ने मचाया धमाल

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** नगर क्षेत्र के शक्ति नगर, शुकुलपुर स्थित आनन्दवन इण्टर कालेज में श्री कृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर विद्यालय के बच्चों को राधा-कृष्ण की वेशभूषा में देख कर, सभी के मन को मोह लिया। बच्चों ने विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ ही श्री कृष्ण के भजनों पर बच्चों ने नृत्य कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

विद्यालय के प्रधानाचार्य राघवेंद्र नाथ शुक्ल ने बच्चो को कृष्ण जन्माष्टमी से जुड़ी जानकारियां देते हुए कहा कि प्रतिवर्ष भद्रापद कृष्ण अष्टमी के दिन श्री कृष्ण अष्टमी पर्व को भगवान श्री कृष्ण के जन्म दिन के रूप में मनाया जाता है। यह पर्व पूरी दुनिया में पूर्ण आस्था एवं श्रद्धा के साथ मनाया जाता है। श्रीकृष्ण युगों युगों से आस्था के केंद्र रहे है। वे कभी यशोदा के लाल होते है तो कभी ब्रज के नटखट कान्हा। फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में यशेन्द्र शुक्ल सिद्दी अनिकेत, तमन्ना शुभ मेरा कान्हा चित्र कला प्रतियोगिता में रुद्रांश वेदांत, रागिनी, सरिता, अंजलि ओझा रोहन कुमार, सहित प्रदीप शुक्ला, आशुतोष, कविता, नीलम, दिव्या मिश्रा, सरिता गुप्ता, साधना तिवारी, शालिनी मिश्रा, अनीता ओझा, उदय सिंह, के के वर्मा, महेश तिवारी, दुर्गेश, पवन, नवीन व अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।




सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते नन्हे-मुन्ने बच्चे।

# कान्हा के स्वागत के लिए तैयार हुआ मनगढ़ धाम

### भारी भरकम पुलिस बल भी रहेगा मुस्तैद, मनगढ़ धाम का जन्माष्टमी महापर्व दुनिया मे विख्यात

**अखंड भारत संदेश**

**कुण्डा, प्रतापगढ़।** जगत गुरु कृपालु महराज स्थापित मनगढ़ धाम की जन्माष्टमी उत्तर प्रदेश हि दुनिया मे मशहूर है जहाँ कई देशो से जगत गुरु के शिष्य कुंडा आते है है और पूरे उल्लास के साथ इस महापर्व के साक्षी बनते है। इस बार भी सजधज कर मनगढ़ धाम इस पर्व को मनाने के लिए तैयार हो गया है। सुरक्षा के लिए भारी पैमाने पर पुलिस बल तैनात रहेगा, प्रयागराज जोन के एडीजी और आईजी पुलिस मनगढ़ धाम का दौरा कर तैयारियों का जायजा ले चुके है। प्रतापगढ़ के पुलिस अधीक्षक और एडीशनल एसपी पश्चिमी भी कमान कसे हुए इस पर्व को सकुशल संपन्न कराने के लिए डटे हुए है।

बता दे की हाथरस की घटना से चैकन्ना हुआ प्रशासन तैयारिओं का जायजा हर दृष्टिकोण से कर रहा है। इधर पूरे मनगढ़ धाम को विद्युत झालरों से सजा कर तैयार कर दिया गया है जिसकी चकाचैध देखते हि बनती है। तैयारियो के संदर्भ मे एडिशनल एसपी पश्चिमी संजय राय ने बताया की पूरे मंदिर क्षेत्र को 3 जोन और 13 सेकटर मे बाँटा जायेगा, पार्किंग के लिए 16 स्थलों को चयनित किया गया है और 8 स्थानों पर वैरेकिटिंग लगायी जाएगी। 400 जवान आउट सर्किल मे और 200 जवान इनर सर्किल मे तैनात किये जायेगे। महिला आरक्षियों के साथ यातायात पुलिस भी तैनात की जाएगी। कुलमिलाकर पुलिस हर स्थितियों से निपटने को तैयारी बनाकर रखी है। थाना प्रभारी कुंडा सत्येन्द्र सिंह अपने थाना की फोर्स के साथ रातो दिन एक किया है। उधर मंदिर प्रशासन ने अपने निजी वालेंटियर के साथ व्यवस्था को सुचारु रूप से अंजाम देने के लिए पुरी तैयारी कर चुका है। साज सज्जा से लेकर रूट प्लान सभी तैयार हो चुका है। बस इंतजार है कान्हा के आगमन की जब पूरा मनगढ़ भाव विहवल होकर उनके स्वागत के लिए तैयार बैठा है। उपजिलाधिकारी कुंडा भरत राम ने बताया की सारी व्यवस्थाओं को हर दृष्टिकोण से क्रास चेक कर लिया गया है। प्रतापगढ़ जिला प्रशासन और पुलिस विभाग इस कार्यक्रम को सकुशल संपन्न करवा लेंगे।




झालरों की रोशनी से सजा कुण्डा का मनगढ़ धाम।

## चोरी की घटनाओं के खुलासे को लेकर हांफ रही लालगंज पुलिस, दूसरे दिन भी हाथ खाली

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली लालगंज के लखनसेनपुर में हुई गुरूवार की रात चोरी की दोनों घटनाओं मे शनिवार को भी खुलासे के नाम पर पुलिस सिर्फ हांफती दिखी। घटना के खुलासे को लेकर अभी तक खाकी के हाथ खाली के खाली ही दिख रहे है। वहीं पीड़ितों ने घटना को लेकर कोतवाली पुलिस में तहरीर दी है। लखनसेनपुर गांव में गुरूवार की रात गांव के अमर बहादुर सिंह तथा प्रमोद सिंह के घर चोरी की घटना हुई। घटना की जानकारी पीड़ित परिवारों को अगले दिन शुक्रवार की सुबह हुई। एक ही दिन में दो घरों में चोरी की घटना को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया। जानकारी मिलने पर रानीगंज कैथौला चैकी पुलिस जांच के लिए पहुंची। बाद में लालगंज कोतवाल नीरज यादव भी गांव पहुंचे और आक्रोशित लोगों को घटना के जल्द खुलासे का भरोसा दिलाया। घटना को लेकर शनिवार को गांव के श्याम बहादुर सिंह के पुत्र अरूण प्रताप सिंह ने पुलिस को तहरीर दी है। तहरीर में कहा गया है कि अज्ञात चोरों ने अमर बहादुर सिंह के घर से पचास हजार नकदी व एक सोने का हार, दो सोने की अंगूठी, चांदी की करधनी व पायल उठा ले गये। वही पडोस के प्रमोद कुमार सिंह के घर से एक सोने की जंजीर, एक अंगूठी, दो जोड़ी चांदी की पायल, चांदी का कड़ा समेत छत्तीस हजार नकदी चोरी हो गयी।

# छात्राओं ने जीती दही हांडी प्रतिस्पर्धा

### चिल्ड्रेन पैराडाइज मे आयोजित हुआ कार्यक्रम

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** शनिवार को चिल्डेन पैराडाइस स्कूल एवं रामकृपाल मिश्र इंटरमीडिएट कॉलेज में कृष्ण जन्मोत्सव के दो दिन पूर्व ही बच्चों ने जन्मोत्सव पर्व को बड़ी धूमधाम से मनाया। विद्यालय में दही हांडी फोड़ने की प्रतिस्पर्धा में छात्र-छात्रोंओ ने भाग लिया, जिसमे छात्राओं ने बाजी मारी और दही हांडी फोड़कर विजेता का पुरस्कार हासिल किया।

कृष्ण जन्मोत्सव कार्यक्रम में कृष्ण और सुदामा के प्रेम को चरित्र चित्रण करने वाली एकांकी का मनोहरी चित्रण प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में राधा कृष्ण के वेशभूषा मे छात्राओं ने एक से बढ़कर एक कार्यक्रमप्रस्तुत किए। राधा कृष्ण और गोपियों के नृत्य पर अभिभावकों ने खूब ताली बजाई।आया सावन का महीना मुरली बाजेगी जरूर, श्याम चूड़ी बेचने आया, मेरी मटकी तोड़ गया कान्हा जैसे अनेक गीतों को भी छात्र-छात्राओं ने प्रस्तुति किया। कार्यक्रम का संचालन राज त्रिपाठी विद्रोही ने किया। तथा कार्यक्रम का संयोजन उप प्रधानाचार्य ध्रुव नारायण मिश्र ने किया ।समारोह को संबोधित करते हुए विद्यालय के प्रधानाचार्य विकास मिश्रा ने कहा कि विद्यालय शिक्षा के साथ-साथ बच्चों को विभिन्न अवसरों पर ऐसी गतिविधियों का आयोजन करता है जिससे उनका चतुर्धिग विकास हो सके। कार्यक्रम मे संजू त्रिपाठी सुचिता त्रिपाठी, खुशी सिंह की अहम भूमिका रही। मुख्य रूप से पायल शर्मा, अर्शी गुप्ता, अनुष्का, रिया शिवानी, रितु, क्षमा, मानसी, राधा गुप्ता, अंकिता, शालिनी, श्रुति, स्वामी, सृष्टि, अवनी, आयशा बानो स्वास्तिका त्रिपाठी, परी दुबे, मानवी, अनिका ने भूमिका निभाई।



सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करती चिल्ड्रेन पैराडाइज की छात्राएं।

## निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण की बैठक सम्पन्न

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** एक जनवरी 2025 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-पुनरीक्षण पूर्व विभिन्न गतिविधियों, घर घर सत्यापन की कार्यवाही के सम्बन्ध में कलेक्टेट्रट सभागार में अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) त्रिभुवन विश्वकर्मा की अध्यक्षता में बैठक राजनैतिक दलों के साथ सम्पन्न हुई। बैठक में एडीएम ने बताया कि 20 अगस्त 2024 से बीएलओ द्वारा घर-घर मतदाता सूची का सत्यापन का कार्य किया जा रहा है जो 18 अक्टूबर 2024 तक सत्यापन का कार्य चलेगा। उन्होंने बताया कि घर घर भौतिक सत्यापन की कार्यवाही के दौरान 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के मतदाताओं, मृतक मतदाताओं, निवास परिवर्तित किये गये मतदाताओं व 18-19 आयु वर्ग के मतदाताओं के सत्यापन का कार्य बीएलओ द्वारा किया जायेगा। घर घर सत्यापन के दौरान बीएलओ द्वारा मतदाता फोटो पहचान पत्र में विभिन्न प्रकार की विसंगतियों को शत् प्रतिशत दूर किये जाने की कार्यवाही की जायेगी। उन्होने सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के अध्यक्ष/प्रतिनिधियों से अनुरोध किया कि बीएलओ द्वारा मतदाता सूची के घर-घर सत्यापन कार्य में अपना सक्रिय सहयोग प्रदान करें तथा नियुक्त किये गये बीएलए को भी निर्देशित करने करें कि अपने-अपने मतदेय स्थलों पर बीएलओ द्वारा किये जा रहे घर-घर सत्यापन सम्बन्धी कार्य में सहयोग प्रदान करें।

# एडीजी ने परखा सिपाही परीक्षा केन्द्रों की व्यवस्था

### दूसरे दिन भी डीएम-एसपी करते रहे परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** प्रतापगढ़ में दूसरे दिन भी सिपाही परीक्षा केन्द्रों पर सख्ती का माहौल दिखाई दिया। जिलाधिकारी संजीव रंजन एवं पुलिस अधीक्षक डा0 अनिल कुमार ने तो परीक्षा को निष्पक्ष बनाये रखने के लिये अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। प्रशासन और पुलिस के अधिकारी लगे हुए हैं। ये स्वयं दोनों अधिकारी परीक्षा केन्द्रों पर पहुंच रहे हैं।

आज प्रयागराज जोन के एडीजी भानु भास्कर भी बेल्हा पहुंचे। उन्होंने एमडीपीजी कालेज सहित अनेक परीक्षा केन्द्रों का विधिवत निरीक्षण किया और जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक से पूरी जानकारी ली। जिले के सभी 11 परीक्षा केन्द्रों पर जहां दो दर्जन पुलिसजन डटे रहे, वहीं पुलिस व प्रशासन के अन्य अधिकारी भी परीक्षा केन्द्रों पर पहुंचते रहे। हर परीक्षा केन्द्र पर कल की तरह तीन स्तर पर गेट पर अभ्यर्थियों की जांच की जा रही थी। कोई इलेक्ट्रानिक डिवाइस न ले जा सके, इसके लिये मेटल डिटेक्टर और बायोट्रिक जांच भी कराई जा रही थी। परीक्षा प्रारंभ होने के पहले व छूटने के बाद परीक्षा केन्द्रों के बाहर परीक्षार्थियों की भीड़ जमा होने से जाम की स्थिति पैदा हो जा रही थी। पहले दिन 2540 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी थी। कल पहली पाली में 2933 और दूसरी पाली में 2975 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी थी। प्रशासन की सख्ती के चलते दूसरे दिन की परीक्षा भी शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुई।



परीक्षा केन्द्र का निरीक्षण कर बाहर निकलते डीएम-एसपी।

### जहरीला सांप निकलने से बाजार के लोगों में दहशत

**पट्टी, प्रतापगढ़।** आसपुर देवसरा की दयालगंज बाजार के लोग उसे समय दहशत में आ गए जब जंगल झाड़ियां से निकलकर बाजार में काला सांप दिखा। शनिवार को दोपहर बाजार में चहल-पहल थी लोग अपने काम काज में बिजी थे की अचानक झाड़ियां से निकलकर एक जहरीला सांप नहर के पुल के पास आ गया राहगीर बाजार वासी दहशत में आ गए सांप निकालने से लोगों की भीड़ मौके पर जमा हो गई बाजार वासियों ने बड़ी मशक्कत के बाद भी सांप पर काबू में नहीं आया। अकारीपुर गांव निवासी मुन्नू वर्मा को सूचना दी गई मौके पर पहुंचे मुन्नू वर्मा ने सांप को पड़कर धौरहरा स्थित जंगल में छोड़ दिया

# आर्डर किया बीकानेर का रस्गुला, घर पहुंचा पैकिंग टेप

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** लखनऊ की एक महिला ने रक्षाबंधन पर अपने भाई के लिए बीकानेर राजस्थान का रस्गुला भेजा। लेकिन उसमें रसगुल्ले की जगह पैकिंग टप निकला। यह देखकर उसके होश उड़ गए। हालांकि पैकिंग टेप भी नहीं था सिर्फ उसका रैपर ही डिब्बे में था। पीड़ित ने होम डिलीवरी को फोन किया लेकिन वह कोई संतुष्ट जवाब नहीं दे पाया। मामला पट्टी कोतवाली क्षेत्र के सिसौरा गांव का है। गांव के पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य संजय शर्मा की बहन कोमल शर्मा लखनऊ के अन्ना मार्केट के समीप रहती है। उन्होंने 16 अगस्त को युवराज खाद्य उत्पाद डेनिक बीकानेर राजस्थान के नामी दुकान से भाई के यहां भेजने के लिए रसगुल्ला का आर्डर किया। 23 अगस्त को होम डिलीवरी वाला युवक संजय शर्मा के घर पहुंचा और बताया कि आपका सामान आया है 280 रूपए दीजिए। संजय ने युवक को रूपए दिए और किसी काम में लग गए। थोड़ी देर बाद जब उसे खोलकर देखा तो डिब्बे में रसगुल्ले की जगह पैकिंग टेप निकला तो उसके होश उड़ गए। यह नजारा देखकर वह अपने को ठगा महसूस करने लगा, जिसकी चर्चा इलाके में दिन भर रही।

## जमीन विवाद में मार-पीट के दौरान महिला सहित चार घायल

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** आबादी की जमीन के विवाद को लेकर दो पक्षों में बीती देर रात मार-पीट हो गई। दोनों पक्षों से मार-पीट के दौरान तीन लोग घायल हो गए। मामले में एक दूसरे के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली इलाके के डेईडीह धौरहरा गांव की रहने वाली नगीना देवी ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि उसके पड़ोसियों से आबादी की जमीन को लेकर काफी समय से विवाद चल रहा है । इसी विवाद के चलते शुक्रवार की देर रात पड़ोसियों ने एक राय होकर लाठी डंडा लेकर हमलावर हो गए। मार-पीट करने लगे मार-पीट के दौरान बीच बचाव करने आए ससुर जगन को भी लाठी ठन्डो से मारने पीटने लगे। लोगों के बीच बचाव से किसी का मामला शांत हुआ। वहीं दूसरे पक्ष के जगन ने तहरीर देकर आरोपित किया है मार-पीट के दौरान उसे भी छोटे आई है नाती सूर्य को भी चोटे आई है। दोनों पक्षों में मार-पीट के दौरान एक महिला सहित चार को चोटे आई है।

## लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाने पर चालक के खिलाफ केस

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** लापरवाही से वाहन चलाते हुए दुर्घटना करने को लेकर पुलिस ने अज्ञात बोलेरो चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के सघन मिश्र का पुरवा गोड़वा थाना सांगीपुर गांव के इंद्रभान यादव पुत्र रामबहादुर यादव ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि उन्नीस अगस्त को सुबह पांच बजे उसके पिता रामबहादुर बाइक से उसकी मां शिवपती व भतीजे अजय कुमार पुत्र कुंवरभान यादव को लेकर मानिकपुर गंगा स्नान करने जा रहे थे। अनेहरा गांव के पास अज्ञात बोलेरो ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे तीनों घायल हो गये थे। कोतवाल नीरज यादव का कहना है कि जांच के बाद अज्ञात बोलेरो चालक के खिलाफ लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाने का मुकदमा दर्ज किया गया है।

### समाधान दिवस में सोलह में से एक का निस्तारण

**लालगंज, प्रतापगढ़।** समाधान दिवस में स्थानीय लालगंज कोतवाली मुख्यालय पर सोलह शिकायतें दर्ज हुई। इनमें से एक का निस्तारण कराया गया। ज्यादातर शिकायतें जमीनी विवाद से जुडी देखी गयी। शिकायतों की सुनवाई प्रभारी निरीक्षक नीरज यादव ने किया। प्रभारी निरीक्षक अपराध विजयकांत सत्यार्थी ने दिवस का संयोजन किया। पुलिस परीक्षा को लेकर राजस्व एवं विभागीय अफसरों की व्यस्तता के चलते समाधान दिवस फीका दिखा। अफसरों की नामौजूदगी का असर राजस्व विभाग के लेखपालों व राजस्व निरीक्षकों में से ज्यादातर की गैरहाजिरी में भी देखा सुना गया।

### सीमांकन पिलर को उखाड़कर फेंका, दी तहरीर

**लालगंज, प्रतापगढ़।** जमीन पर गडे सीमांकन पिलर को जबरन उखाड़ देने के आरोप को लेकर पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी है। लालगंज कोतवाली के धारूपुर नया पुरवा गांव के मो. अकील पुत्र शौकत अली ने शनिवार को पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि राजस्व विभाग द्वारा उसके तथा विपक्षी की जमीन की पैमाइश करके सीमांकन पिलर लगवा दिया गया था। आरोप है कि बीस अगस्त को सुबह करीब आठ बजे गांव के विपक्षियों द्वारा इस पिलर को उखाडकर फेंक दिया गया। विरोध करने पर आरोपीगण मारपीट पर अमादा हो गये व जान से मारने की धमकी दी। कोतवाल नीरज यादव का कहना है कि मामले की जांच के बाद मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

## पुरानी रंजिश में छात्र की पिटाई, चार पर केस

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** पुरानी रंजिश को लेकर छात्र की पिटाई पर कोतवाली पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के सराय लालमती गांव निवासी नारेन्द्र चैरसिया पुत्र अमृतलाल ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि सत्रह अगस्त को दोपहर उसका पुत्र बेलहा स्थित एक स्कूल से पढ़ाई करके अपने दो भाईयों के साथ घर लौट रहा था। आरोप है कि रास्ते में पुरानी रंजिश को लेकर पूरे नैन पण्डित का पुरवा गांव के अमन तिवारी पुत्र राकेश तिवारी ने उसे जबरन रोक कर मारापीटा तथा जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित छात्र ने घर पहुंचकर आपबीती सुनाई। इस पर पीड़ित पिता उलाहना देने अमन के घर पहुंचा तो वहां राकेश तिवारी व उनकी पत्नी तथा पुत्री ने गाली व धमकी देते हुए मारपीट पर अमादा हो गये। कोतवाल नीरज यादव का कहना है कि जांच के बाद अमन समेत चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

# डायरिया से पीड़ित 28 लोग अस्पताल में भर्ती एक की मौत

**तिल्हापुर कौशाम्बी।** चायल तहसील के घूरी गांव में डायरिया का प्रकोप तेजी से बढ़ रहा है डायरिया के प्रकोप में 28 मरीज अस्पताल पहुचाए जा चुके हैं एक बालक की मौत हो गई है पीड़ितों को सरकारी अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है जहां कई मरीजों की हालत गंभीर बताई जाती है अचानक गांव में डायरिया के बढ़ते प्रकोप से पूरे गांव के लोग चिंतित हैं प्रकोप से गांव में दहशत का माहौल है मरीज को भर्ती करने के लिए एंबुलेंस को सूचना दी गई है एंबुलेंस ने अभी तक 28 मरीजों को सीएचसी सराय अकील में भर्ती करवाया है।नेवादा ब्लॉक के अधीक्षक डॉ. मुक्तेश द्विवेदी सहित डॉक्टरों की टीम गांव में कैंप लगाकर मरीजों की जांच कर रही है और इनका इलाज कर रही है।

## घूरी गाँव मे दूषित जल और गंदगी के कारण डायरिया का प्रकोप फैलने की आशंका



नेवादा ब्लॉक के घूरी गाँव में बाढ़ की तरह गंदगी फैल रही दूषित पानी ने गाँव वालों का जीवन नर्क बना दिया है। घरों का गंदा पानी सड़कों पर बह रहा है, और नालियाँ पूरी तरह से जाम हैं। मुर्गी फार्म से उठती बदबू और हवा में घुलता जहर अब गाँव में महामारी बनकर फैल चुका है। इस गंभीर स्थिति के चलते अब तक 28 लोग डायरिया रोग की चपेट में आ चुके हैं। दुखद रूप से, 5 वर्षीय मासूम आर्यन पुत्र स्व. जय सिंह की इस बीमारी के कारण असमय मृत्यु हो गई। गाँव के शिव चंद्र का कहना है कि ग्राम प्रधान पवन यादव और सचिव जय सिंह से इस विकट समस्या के समाधान के लिए बार-बार निवेदन किया गया, किंतु किसी ने उनकी पुकार पर ध्यान नहीं दिया। नतीजतन, यह बीमारी अब विकराल रूप धारण कर चुकी है संक्रमण से पीड़ित लोगों में प्रमुख रूप से उर्मिला 20 वर्ष पत्नी शिव सागर वा नीशा उम्र 5 वर्ष पुत्री अशोक वा अंजू उम्र 12 वर्ष पुत्री प्रकाश वा सरिता उम्र 24 वर्ष पत्नी जय सिंह वा अनीषा उम्र 10 वर्ष पुत्री अशोक वा अंकिता उम्र 5 वर्ष पुत्री सुनील वा शकुंतला उम्र 40 वर्ष पत्नी भैरव प्रसाद वा दीपिका उम्र 3 वर्ष पुत्री अमर सिंह वा गुड़िया देवी उम्र 32 वर्ष पत्नी अमर सिंह वा सतरंजन उम्र 10 वर्ष पुत्र राकेश कुमार वा बचऊ लाल उम्र 60 वर्ष पुत्र वीरे वा अनीता उम्र 8 वर्ष पुत्री अशोक वा मोनिका उम्र 11 वर्ष पुत्री मान सिंह सहित तमाम लोग इस गंभीर बीमारी के चपेट में अस्पताल में भर्ती कराए गए हैं। नेवादा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रमुख, मुक्तेश द्विवेदी ने बताया कि मासूम आर्यन की मृत्यु उल्टी और दस्त के कारण एम्बुलेंस में ही हो गई। चिकित्सकों के अनुसार, इस संक्रमण का मुख्य कारण गाँव के हैंडपंप का दूषित जल है।

जिसने भी इस हैंडपंप का पानी पिया, वह बीमार पड़ गया। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने गाँव पहुंचकर पानी की सैंपलिंग की है और दवाओं का छिड़काव भी शुरू कर दिया गया है दवाओं का वितरण जारी है, परंतु गाँव वालों के चेहरों पर चिंता की गहरी लकीरें साफ दिखाई दे रही हैं।

# अंधेरे में रात गुजार रहे है कल्याणपुर बाजार वासी

**कल्याणपुर कौशांबी** ।तहसील सिराथू के कल्याणपुर बाजार में पिछले एक हफ्ते से केबल शार्ट होने की वजह से बाजार वासी अंधेरे में रह रहे है सबसे बड़ी समस्या तो मोबाइल चार्जिंग,पानी की और रात्रि में चोरों का भय बना है एवं मच्छर से रात्रि भर न सो पाना बिना बिजली के हजारों लोग परेशान है बिजली सप्लाई के प्रति विभाग के अधिकारी जिम्मेदार नहीं दिखाई पड़ रहे हैं जबकि मुख्यमंत्री बार-बार बिजली सप्लाई व्यवस्था दुरुस्त रखने की बात कर रहे हैं बिजली सप्लाई बाधित होने के मामले को लेकर कई बार मुख्यमंत्री पोर्टल पर एवं बिजली विभाग को ग्रामीणों द्वारा सूचित किया गया लेकिन एक हफ्ते से ज्यादा समय होने के बावजूद भी विभाग के कान में जूं तक नहीं रेंगी। जिससे आम जनता का आक्रोश सड़क पर उतर सकता है। यदि बिजली विभाग के अधिकारियों ने अविलंब बिजली सप्लाई व्यवस्था को ठीक करने की ओर ध्यान नहीं दिया तो कल्याणपुर बाजार वासियों को संबंधित पावर हाउस पर घेराव करने के लिए बाध्य होने पर मजबूर होना पड़ेगा जिसकी सारी जिम्मेदारी बिजली विभाग की होगी।

# अज्ञात वाहन ने युवक को रौंदा हुई मौत

**अझुवा कौशांबी** सैनी कोतवाली के भौंतर मोड़ राष्ट्रीय राजमार्ग पर अज्ञात वाहन ने युवक को रौंद दिया है जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया घायल युवा को अस्पताल लेकर गए जहां चिकित्सकों ने उसकी मौत की पुष्टि कर दी है जानकारी के मुताबिक रानू उम्र करीब 30 वर्ष पुत्र अशोक कुमार निवासी धुमाई थाना सैनी अपनी ससुराल केन में सास की बीते दिनों मौत होने परिवार सहित गया था।शनिवार शाम 7.30 के बाद अपने भाई राहुल के साथ मोटरसाइकिल से अझुवा की तरफ वह आ रहा था राष्ट्रीय राजमार्ग के भौंतर मोड़ पर सड़क की दूसरी लेन प्रयागराज से कानपुर पर सड़क पार करते समय अज्ञात वाहन ने युवक को रौंद दिया राहुल दुर्घटना देख मोटरसाइकिल से दूर चला गया ।मौके पर रहे राहगीरों ने देखा तो पुलिस और एंबुलेंस को सूचना देते हुए उसकी ससुराल में सूचना दी थोड़ी देर में घायल युवक की पत्नी और परिजन रोते बिलखते मौके पर पहुंचे और108 एंबुलेंस से अस्पताल ले गए हैं सिराथू स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टर ने घायल युवक की मौत की पुष्टि की है। वहीं दुर्घटना स्थल पर रहे राहगीरों ने बताया कि पिकप की टक्कर से दुर्घटना हुई है अझुवा चौकी पुलिस छानबीन करते हुए कागजी कार्रवाई में जुट गई है।



# मरीज को लेकर जा रही एंबुलेंस ट्रक से टकराई एक की मौत 5 घायल

**कौशाम्बी।** कोलकाता से मरीज और उनके परिवार को लेकर दिल्ली जा रही एंबुलेंस कोखराज थाने के पास आधी रात को सामने ट्रक से टकरा गई है जिससे एंबुलेंस सड़क पर पलट गई है और इस हादसे में एक महिला की मौत हो गई और 5 लोग गंभीर घायल है जानकारी मिलते ही आधी रात को ही मौके पर पुलिस और एंबुलेंस पहुंची है और घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के मुताबिक कोलकाता के रहने वाली कृष्णा देवी उम्र 65 पर पत्नी श्यामुल गंभीर मर्ज से बीमार थी कृष्णा देवी को एंबुलेंस में लेकर उनके परिवार के कुशाल सिंह पुत्र अमर सिंह सुशील गुप्ता हिमांशु शर्मा सरिता देवी पत्नी रंजीत इंद्र बहादुर अमर सिंह आदि कोलकाता से दिल्ली जा रहे थे प्राइवेट एंबुलेंस जैसे ही कोखराज थाना क्षेत्र के थाना के पास पहुँची पीछे से दूसरे ट्रक ने एंबुलेंस को टक्कर मार दिया जिससे एंबुलेंस चालक अनियंत्रित हो गया और सामने से ट्रक में टकराकर सड़क में पलट गया है हादसे के बाद मौके पर कोहराम मच गया सूचना पाकर थाना पुलिस और जिले की एंबुलेंस पहुंची है घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया है इस हादसे में कृष्णा देवी उम्र 65 वर्ष पत्नी श्यामुल की मौत हो गई है।

# समस्त ग्रामों में निर्विवाद उत्तराधिकारी (वरासत) दर्ज किये जाने के लिए 31 अगस्त तक चलाया जा रहा अभियान

## वरासत से सम्बन्धित समस्या के समाधान के लिए तहसीलवार बनाये गये काउण्टर

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** शासन के निदेर्शानुसार दिनांक 31 अगस्त 2024 तक प्रदेश के समस्त ग्रामों में र्निविवाद उत्तराधिकारी (वरासत) दर्ज किये जाने के लिए ग्रामवार खतौनी पढ़े जाने एवं वरासत आवेदन के लिए अभियान चलाया जायेंगा। अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) अरूण कुमार गोंड ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा है कि समस्त तहसीलों में अभियान चलाकर ग्रामवार खतौनी लेखपाल द्वारा पढ़ते हुये वरासत के आवेदन लिये जायेंगे एवं छूटे हुये कास्तकारों के लिये तहसीलवार-तहसील चायल के रजिस्ट्रार कार्यालय में काउण्टर बनाया गया है, जिसके प्रभारी ओम प्रकाश गुप्ता मो0नं0-8887509581 है इसी प्रकार तहसील मंझनपुर के कमरा नं0 21 में काउण्टर बनाया गया है, जिसके प्रभारी आनन्द केशरवानी मो0नं0-7651917852 एवं तहसील सिराथू में रजिस्ट्राल कार्यालय में काउण्टर बनाया गया है, जिसके प्रभारी बजरंग प्रसाद मो0नं0-7703064139 हैं। इसके अतिरिक्त जनपद स्तर पर भी वरासत अभियान सम्बन्धित हेल्प डेस्क सहायक भूलेख अधिकारी कार्यालय स्थित ई-डिस्ट्रिक्ट हॉल कलेक्ट्रेट में स्थापित है, जिसके प्रभारी वासुदेव त्रिपाठी मोबाइल नम्बर 9670045085 हैं, जिस पर वरासत सम्बन्धित किसी भी प्रकार की समस्या के समाधान के लिए सम्पर्क किया जा सकता हैं।

# समूह का बकाया पैसा मांगने पर दबंगों ने दंपति को पीटा

**चायल कौशांबी।** पिपरी थाना क्षेत्र के फतेहपुर साहवपुर गांव में समूह का बकाया 85 हजार रुपए मांगने पर दबंगों ने दंपति को बेरहमी से पीटा है जिससे दंपति को चोट आई है समूह का बकाया 85 हजार रुपए गोमती देवी पत्नी बलवन्त सिंह नही जमा कर रही थी जिस पर समूह की अध्यक्ष उमा देवी पत्नी गुलशन ने समूह का बकाया रकम गोमती देवी से मांगा मामले को लेकर प्रधान के यहां समझौते की बात हुई और इसी बीच समूह का रकम हड़पने वाली महिला गोमती देवी और उसके पति बलवंत ने अपने बेटे के साथ मिलकर अध्यक्ष उमा देवी और उसके पति गुलशन को बेरहमी से पीट दिया है जिससे दंपति को चोट लगी है समूह का 85000 रुपए ना देने पर समाधान दिवस पिपरी में शिकायत हुई थी दीपक लेखपाल गोमती देवी को रिश्तेदार बताते हुए थाना प्रभारी के सामने पीड़ित महिला उमा देवी को थाने से डाट कर भगा दिया था मामले में लेखपाल की भूमिका पर भी सवाल खड़े हैं।

# युद्ध का मैदान बना निन्धियावा गांव जमकर हुई फायरिंग चले लाठी लोहे के रॉड 3 लहूलुहान

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी** कोखराज थाना क्षेत्र के निन्धियावा गांव में शुक्रवार की रात्रि से शनिवार की सुबह तक दो बार जमकर झगड़ा के बाद तीन लोग घायल हो गए हैं मामले में थाना पुलिस ने एक पक्ष की दो तहरीर पर अलग अलग दो मुकदमा दर्ज कर लिया और दूसरे पक्ष का मुकदमा नहीं दर्ज किया है। घटनाक्रम के मुताबिक कोखराज थाना क्षेत्र के निन्धियावा गांव में शुक्रवार की रात्रि नित्यानंद पांडे अभय पांडे बृज बिहारी पांडेय आदि का झगड़ा गांव के शिवमोहन पासी से हो गया जिस पर शिवमोहन पासी घायल हो गया घायल को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया हालत गंभीर देखकर डॉक्टर ने इलाहाबाद रिफर कर दिया मामले में घायल शिव

## 10 घंटे के अंदर दो बार हुए हमले के बाद चौकी थाना पुलिस की भूमिका पर खड़े हुए सवाल



मोहन के भाई विजय लाल पासी की तहरीर पर बृज बिहारी पांडेय सहित कई लोगों के विरुद्ध गंभीर धाराओं में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया।

इसी मामले को लेकर शनिवार की सुबह शिवमोहन पासी के भाई विजय लाल पासी पुत्र देवी दीन अपने घर की दर्जनों महिलाओं एवं पुरुषों सहित दो दर्जन लोगों के साथ बृज बिहारी पांडेय के घर पर चढ़ाई कर दिया सफाई में तो उनका कहना है कि वह पूछताछ और उलाहना देने गए थे लेकिन यह बात लोगों को हजम नहीं हो रही कि जिससे रात में झगड़ा हो गया हो उस हमलावर के घर उलाहना देने घायल के परिवार के दर्जनों लोग क्यों जाएंगे बृज बिहारी पांडेय के घर विजय लाल पासी व अन्य लोगों ने गाली गलौज उपद्रव शुरू कर दिया देखते देखते मौके पर भीड़ लग गई इसी बीच भीड़ के बीच से किसी ने गोली चलाना शुरू कर दिया कई फायरिंग हुई मौके पर भगदड़ मच गई फायरिंग में शिवलाल पासी और संजय पासी घायल हो गए घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया पहला मुकदमा घायल शिवमोहन पासी के भाई विजय लाल पासी की तहरीर पर थाना पुलिस ने दर्ज कर लिया है और दूसरा मुकदमा शिवमोहन पासी की पत्नी दीपा देवी पासी की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है एक पक्ष की कार्यवाही से थाना से लेकर चौकी पुलिस तक की भूमिका इस मामले में सवालों के घेरे में है सूत्रों की माने तो एक बड़े नेता के प्रतिनिधियों के दबाव में मामले में थाना पुलिस एक पक्ष को बल देकर के उसका दो बार मुकदमा दर्ज कर लिया है जबकि दूसरे पक्ष के घर पर शनिवार की सुबह चढ़ाई करने वाले दो दर्जन लोगों पर पुलिस ने मुकदमा नहीं दर्ज किया है जिससे गांव में तनाव की स्थिति है और मामले में निष्पक्ष तरीके से थाना पुलिस ने कार्रवाई नहीं की तो गांव की स्थित बिगड़ सकती है।

# कान्हा गौशाला का अधिशासी अधिकारी ने पशु चिकित्सा अधिकारी के साथ किया निरीक्षण



**अझुवा कौशांबी।** आदर्श नगर पंचायत अझुवा के अधिशासी अधिकारी रश्मि सिंह कान्हा गौशाला का औचक निरीक्षण करने पहुंचे हैं वहां उन्होंने मौजूद केयरटेकर को आवश्यक दिशा निर्देश दिया है निरीक्षण के दौरान गौशाला में कुल ₹212₹ गोवंश पाए गए जहां पर उनको वहां पर रहने वाले गौवंश के खाने के लिए भूसा ,चोकर ,हरा चारा आदि पर्याप्त मात्रा में पाया गया अधिशासी अधिकारी रश्मि सिंह ने कान्हा गौशाला केयरटेकरों को छोटे-छोटे गौवंश का विशेष ध्यान रखने को कहा है अधिशासी अधिकारी रश्मि सिंह ने कान्हा गौशाला केयर टेकर से अन्य जानकारियां भी ली है और हरा चारा एवम गौशाला में पौधरोपण कर हरा भरा क्षेत्र बनाने को दिशा निर्देश दिया। गौशाला में 2 वृद्ध गौवंश की बीमारी से मौत हो गई थी जिसे डा विवेक ने रिपोर्ट लगाकर डिस्पोज किया है। इस दौरान कर्मचारी मनोज सहित कई कर्मचारी मौजूद रहे हैं।



# राहुल गांधी के स्वागत को उमड़ पड़े कांग्रेसी नेता

**कौशाम्बी।** राहुल गांधी के प्रयागराज आगमन की जानकारी मिलते ही कौशांबी के कांग्रेस नेताओं की भीड़ प्रयागराज उमड़ पड़ी है और कौशांबी प्रयागराज बॉर्डर पर कौशांबी के कांग्रेस नेताओं ने राहुल गांधी का जोरदार तरीके से स्वागत किया है नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का शनिवार को प्रयागराज में संविधान बचाओ कार्यक्रम के तहत आगमन हुआ जिसमें कौशांबी कांग्रेस के जिले के सभी पदाधिकारी जिला अध्यक्ष गौरव पांडेय के नेतृत्व में जिला उपाध्यक्ष, जिला महासचिव जिला सचिव एवं सभी वरिष्ठ कांग्रेसियों ने नेता राहुल गांधी का स्वागत कौशांबी रोड स्थित भगवतपुर चौराहे पर किया कौशांबी के सभी नेताओं द्वारा बड़ी गर्म जोशी से स्वागत किया गया !कौशांबी कांग्रेस के सभी कार्यकताओं और नेताओं का जिला अध्यक्ष ने धन्यवाद दिया है।

# जनपद कौशाम्बी में पर्यटकों के सुविधार्थ लगाए जा रहें साइनेज

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** जनपद कौशाम्बी में पर्यटकों के सुविधार्थ साइनेज का कार्य पर्यटन विभाग, उ0प्र0 शासन द्वारा स्वीकृत किया गया है। परियोजना की कुल लागत 2.88 करोड़ है। यह जानकारी पर्यटन अधिकारी कीर्तमान श्रीवास्तव ने देते हुए बताया कि जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी के निदेर्शानुसार परियोजना में स्वीकृत 30 साइनेजेज की स्थापना का कार्य प्रारम्भ हो चुका है। परियोजना के अंतर्गत 30 कैंटी लिवर एवं गैंट्री साइनेज लगाए जाने है, जिनमें 04 साइनेज स्थापित हो चुके हैं, शेष 26 साइनेज 02 माह के भीतर स्थापित कर दिये जायेंगे। साइनेज के स्थापित होने से जनपद कौशाम्बी में आने वाले पर्यटकों को भगवान बुद्ध से जुड़े स्थलों पर पहुंचने में सुविधा होगी तथा पर्यटन का प्रचार-प्रसार होगा। इसके साथ ही पर्यटकों की संख्या में वृद्धि के कारण क्षेत्र में रोजगार का सृजन होगा। इसके अतिरिक्त प्लेस आइडेंटी फिकेशन साइनेज स्थापित किये जायेंगे,जो 30 पर्यटक स्थलों पर स्थापित किये जायेंगे।




परियोजना के अनुश्रवण का कार्य उनके द्वारा किया जा रहा है। कार्य की कार्यदायी संस्था उ0प्र0 राज्य पर्यटन विकास निगम लि0 हैं।

# पति की हत्या में दोषी सजा काट रही महिला कैदी पर जानलेवा हमला

## जिला जेल में बेहोशी की हालत में मिली दोष सिद्ध महिला कैदी अस्पताल की इमरजेंसी मे भर्ती

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** जिला जेल में बंद महिला कैदी महिला बैरक में गंभीर हालत में मिली है, उसके गले हाथ व पैर में चोट के निशान है। जेल अस्पताल में इलाज के दौरान होश न आने पर जेल प्रशासन ने महिला कैदी को जिला अस्पताल के इमरजेंसी में भर्ती कराया है। महिला बंदी पति की हत्या मामले में 20 साल की सजा काट रही है जेल अधीक्षक अजितेश मिश्रा ने बताया कि कैदी फरहा जाफरी पुत्री नेमुल रहमान को अदालत ने एक माह पहले पति की हत्या में दोषी पाए जाने पर 20 साल की सजा सुनाई है ।उसे महिला बैरक में सजा काटने के लिए रखा गया है। शुक्रवार को करीब 5 बजे महिला बैरक से शोर की आवाज सुनकर बंदी रक्षक पहुंचे जहा कैदी फरहा बेहोशी की हालत में मिली, जिसे इलाज के लिए जेल अस्पताल में भर्ती कराया गया,काफी देर तक उसे होश ना आने पर मंझनपुर स्थित जिला अस्पताल भेजा गया। कैदी की हालत में डॉक्टर ने सुधार बताया है। कैदी फरहा जाफरी के मुताबिक बैरक के बाथरूम में उसे अज्ञात लोगों ने बंद कर दिया था। जहां उसके साथ मारपीट व जान से मारने की कोशिश हुई। उसके गले हाथ पीठ व सीने पर चोट के निशान मिले है। फरहा हमलावरों को पहचान नहीं सकी। उसका कहना है कि उससे पहले नाक के पास हमला कर बेहोश कर दिया गया था जिला अस्पताल के इमरजेंसी डॉक्टर विजय शंकर सिंह ने बताया कि जिला जेल से एक महिला कैदी को बंदी रक्षक लेकर अस्पताल पहुंचे हैं। उसका इलाज इमरजेंसी में किया जा रहा है। महिला के गले हाथ व अन्य जगहों पर चोट के निशान मिले हैं। महिला की हालत अब स्थिर है।

# निर्माणाधीन परियोजनाओं की प्रगति की तेजी से भौतिक एवं वित्तीय प्रगति सुनिश्चित करने के डीएम ने दिये निर्देश

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी द्वारा आज सीएमआईएस पोर्टल पर अंकित रू0-एक करोड़ से अधिक की लागत की निमार्णाधीन परियोजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने सभी अधिशासी अभियंताओं/सहायक अभियंताओं को निर्देशित किया कि परियोजनाओं के निर्माण कार्य में आ रही समस्याओं का निस्तारण कराते हुए शत-प्रतिशत भौतिक एवं वित्तीय प्रगति सुनिश्चित किया जाय। निर्माण कार्य में गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देते हुए समय से निर्माण कार्य पूर्ण करायी जाय। उन्होंने बैठक में कार्यदायी संस्था-सी0एण्ड0डी0एस0 के अधिशासी अभियंता एवं सहायक अभियंता के अनुपस्थित रहने पर नाराजगी प्रकट करते हुए कार्यवाही के

## कार्य में लापरवाही बरतने वाले अधिशासी अभियंताओं के विरूद्ध कार्यवाही के लिए एमडी को पत्र प्रेषित करने के निर्देश



लिए एमडी सी एण्ड डीएस को पत्र प्रेषित करने के निर्देश दियें। उन्होंने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को 30 अगस्त 2024 तक वित्तीय प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दियें, ताकि सीएम डैशबोर्ड में जनपद की रैकिंग और बेहतर हो सकें। उन्होंने कहा कि आगामी बैठकों में अधिशासी अभियंता अवश्य उपस्थित रहेंगे। जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्था उ0प्र0 जल निगम (नगरीय) की नगर पंचायत-चायल, कड़ाधाम एवं पूरब-पश्चिम शरीरा में पेयजल योजना के कार्यों की प्रगति की समीक्षा के दौरान अपेक्षित प्रगति न पाये जाने पर नाराजगी प्रकट करते हुए सहायक अभियंता को तेजी से प्रगति लाने तथा अधिशासी अभियंता के बैठक में अनुपस्थित रहने पर एम0डी0 जल निगम को पत्र प्रेषित करने के निर्देश दियें। उन्होंने कार्यदायी संस्था यूपी सिड्को द्वारा जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय- ककोढ़ा, भरसवॉ, कोइलहा एवं करारी में कराये जा रहें प्रधानाचार्य आवास एवं ट्रॉजिट हॉस्टल के निर्माण कार्य में भौतिक प्रगति अपेक्षानुरूप न पाये जाने पर नाराजगी प्रकट करते हुए अधिशासी अभियंता के विरूद्ध कार्यवाही के लिए एम0डी0 यू0पी0 सिडको को पत्र प्रेषित करने के निर्देश दियें। जिलाधिकारी ने सेन्टर ऑफ एक्सीलेन्स फार फ्रूट एवं राज3कीय पौधशाला बलीपुर टाटा में टाइप-3 आवास, माली आवास, बाउन्ड्रीवाल एवं सबमर्सिबल पम्प आदि के निर्माण कार्य में प्रगति की समीक्षा के दौरान वित्तीय प्रगति कम पाये जाने पर नाराजगी प्रकट करते हुए वित्तीय प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दियें। उन्होंने वृहद गौ-संरक्षण केन्द्र केसारी के निर्माण कार्य की प्रगति की समीक्षा के दौरान अपेक्षित प्रगति न पाये जाने/कार्य में रूचि न लेने पर अधिशासी अभियंता के विरूद्ध कार्यवाही के लिए शासन को पत्र प्रेषित करने के निर्देश दियें। उन्हांने सिंचाई विभाग की परियोजनाओं की समीक्षा के दौरान भौतिक प्रगति के सापेक्ष वित्तीय प्रगति न पाये जाने पर अधिशासी अभियंता सिंचाई को वित्तीय प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दियें। उन्होंने नलकूप विभाग के कार्यों की समीक्षा के दौरान अधिशासी अभियंता नलकूप द्वारा कार्य में लापरवाही बरतने तथा बैठक में अनुपस्थित रहने पर उनके विरूद्ध कार्यवाही के लिए शासन को पत्र प्रेषित करने के निर्देश दियें। बैठक में अधिशासी अभियंता, जल निगम (ग्रामीण) ने बताया कि टेंवा पेयजल योजना कार्य समयान्तर्गत पूर्ण न होने के कारण अनुबन्ध में दिये उपबन्धों के अन्तर्गत अधीक्षण अभियंता द्वारा फर्म/ठेकेदार पर 1.5 प्रतिशत का आर्थिक दण्ड लगा दिया गया हैं। इसके अतिरिक्त ठेकेदार के विरूद्ध अनुबन्ध की शर्तों के अनुसार कार्यवाही की जा रहीं हैं। वर्तमान में योजना के उच्च जलाशय में डी0आई0 पाइप फिटिंग का कार्य प्रगति पर हैं, जिस पर जिलाधिकारी ने वित्तीय प्रगति लाने के निर्देश दियें।बैठक में प्रभारी मुख्य विकास अधिकारी सुखराज बन्धु एवं जिला अर्थ व संख्याधिकारी अजीत प्रताप सिंह सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## सम्पादकीय

# पॉक्सो कानून के तहत यौन उत्पीड़न के बराबर

**बॉम्बे** हाई कोर्ट की नागपुर बेंच ने नाबालिग के यौन उत्पीड़न के संबंध में एक महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है। कोर्ट ने माना है कि अगर कोई लड़का नाबालिग लड़की से प्यार का इजहार करने के लिए लगातार उसका पीछा करता है, तो यह पॉक्सो कानून के तहत यौन उत्पीड़न के बराबर होगा। दरअसल अमरावती की एक अदालत ने 4 फरवरी 2021 को एक युवक नाबालिग लड़की का पीछा करने पर दोषी ठहराते हुए एक साल के कारावास की सजा सुनाई थी। इस सजा के खिलाफ आरोपी ने हाई कोर्ट में अपील की थी। अपीलकर्ता ने दावा किया था कि उसे झूठे केस में फसाया गया है, क्योंकि पीड़िता किसी और लड़के के साथ संबंध में थी। लेकिन हाईकोर्ट की नागपुर बेंच में इस अपील पर सुनवाई करते हुए जस्टिस सानप ने तथ्यों के मद्देनजर कहा कि पीड़िता के बयान से स्पष्ट है कि अपीलकर्ता की उस पर कोई रुचि नहीं थी। बावजूद इसके अपीलकर्ता बार-बार उसका पीछा कर रहा था। वह उससे बात कर प्रेम संबंध बनाना चाहता था। वह इस उम्मीद में बार-बार उसका पीछा कर रहा था कि एक दिन वह उसके प्रेम को स्वीकार कर लेगी, जबकि पीड़िता की अपीलकर्ता में कोई दिलचस्पी नहीं थी। करीब साढ़े तीन दशक पहले फिल्म आई थी डर, जिसका बहुचर्चित गीत है तू हां कर या ना कर, तू है मेरी किरण। इस गीत में मधुरता के अलावा सब कुछ बेहद डरावना है, क्योंकि लड़की की मर्जी को यहां पुरुष के अहम तले कुचला जा रहा है। और लड़की जब नाबालिग हो तो यह मामला और संगीन हो जाता है। इस वक्त जब देश में यौन उत्पीड़न और महिला सुरक्षा को लेकर नए सिरे से बहस खड़ी हो चुकी है, उसमें नागपुर बेंच का यह फैसला काफी मायने रखता है। अमरावती की जिस घटना पर आरोपी को सजा सुनाई गई, वैसी घटनाएं इस देश में हर रोज हजारों बार घटती हैं। लाखों लड़कियां छेड़खानी को किसी भयावह श्राप की तरह सहती हैं और अक्सर इस पर शिकायत नहीं करती, क्योंकि इसमें भी या तो उन्हीं की गलती तलाशी जाती है या फिर उनके पढ़ाई और करियर पर रोक लगा दी जाती है। बहुत से मामले तो ऐसे भी हुए हैं, जब लड़की की शिकायत पर परिजन उसका साथ देने आगे आएं, तो उनके साथ हिंसक व्यवहार होता है। छेड़खानी या यौन शोषण के मामले में लड़की अगर निचली जाति की हुई तब उसके लिए कानून के दरवाजे पर पहुंचना और कठिन हो जाता है।

छेड़खानी के मामलों को नजरंदाज करना या उन पर किसी कड़ी सजा का प्रावधान न होना ही आगे जाकर बड़ी घटनाओं का रास्ता खोलता है। देश इस वक्त ऐसे कई मामलों पर फिर से समाज को उद्वेलित होता देख रहा है। कोलकाता मामले में तो अब सुप्रीम कोर्ट ही स्वतः संज्ञान लेकर सुनवाई कर रहा है। जिसमें सभी संबंधित पक्षों से कई तरह के सवाल हो रहे हैं। डॉक्टरों के सामने अपनी सुरक्षा का सवाल भी खड़ा हो गया है, जिस पर आज सुप्रीम कोर्ट ने डॉक्टरों से काम पर लौटने कहा है, साथ ही एक नेशनल टास्क फोर्स बनाने की बात कही है, जो डॉक्टरों, जूनियर डॉक्टरों, सहायकों, नर्सों समेत सभी हितधारकों की बात सुनेगा।

# स्वास्थ्य सेवाओं में है अधिक महिलाओं की जरूरत

– संजना ब्रह्मवार मोहन

**कोलकाता** मामले से एक संदेश यह है कि हमें अपने स्वास्थ्य सेवा कार्यस्थलों को सुरक्षित और लैंगिक रूप से समावेशी बनाने के इरादे से पुनर्निर्माण करना चाहिए। सुरक्षा बढ़ाने, अधिक ड्यूटी रूम और शौचालय बनाने के अलावा महिलाओं को निर्णय लेने की मेज पर लाया जाना चाहिए। हमारी आंतरिक समितियों और पॉश अधिनियम में जान फूंकनी चाहिए। तब तक हमारा काम अधूरा ही माना जाएगा।

मेट्रो शहर के व्यस्त अस्पताल में एक महिला डॉक्टर के साथ बलात्कार, क्रूरता और हत्या कैसे हो सकती है? हम कहीं न कहीं बहुत गलत हो गए हैं। इससे पहले कि कोई और दिल दहला देने वाली कहानी बन जाए, हमें जवाब खोजने और तत्काल कुछ करने की जरूरत है।

यह लेखिका 30 साल पहले जयपुर के एक व्यस्त बाल रोग अस्पताल में अपने निवास स्थान पर वापस जाती है। ड्यूटी रूम वार्ड के बगल में थे और महिलाओं और पुरुषों के लिए समान थे। दरवाजों पर कुंडियां नहीं थीं। एक गार्ड मौजूद था जो अक्सर रात में झपकी लेता था। हम भाग्यशाली थे कि हमें कुछ नहीं हुआ लेकिन कई अन्य महिलाएं इतनी भाग्यशाली नहीं थीं। क्या हम अरुणा शानबाग को कभी भूल सकते हैं? वह मामला जिसने चिकित्सा जगत को चार दशकों तक झकझोर कर रख दिया था, जब किंग एडवर्ड मेमोरियल बॉम्बे की 25 वर्षीय नर्स के साथ 1973 में यौन उत्पीड़न किया गया और कुत्ते की चेन से उसका गला घोंट दिया गया था। मस्तिष्क क्षति, पक्षाघात, ग्रीवा कॉर्ड की चोट से पीड़ित वह 41 वर्षों तक वानस्पतिक अवस्था में रही।

70 के दशक के उन दिनों से लेकर आज तक, जब नर्स पर क्रूरता से हमला किया गया था, ज्यादातर अस्पतालों में कुछ खास बदलाव नहीं आया है। निश्चित रूप से जयपुर के बाल रोग अस्पताल में तो बिल्कुल भी नहीं, जिसका जिक्र पहले किया गया है। इस अस्पताल के आकार में काफी वृद्धि होने के बावजूद ड्यूटी रूम में कोई बदलाव नहीं हुआ है। महिला डॉक्टरों के लिए भी पर्याप्त शौचालय नहीं हैं, जो हॉस्टल में आती-जाती हैं। यहां तक कि सैनिटरी नैपकिन बदलने के लिए भी।

ऐसी कई स्थितियां और मामले हैं। उदाहरण के लिए, दूसरे शहर में रहने वाली एक सहकर्मी का मामला। वह लंबे समय तक 'दुखी और उदास' रही। उसके पिता ने उसकी समस्या के बारे में पूछा। पता चला कि उसके प्रोफेसर और उसके दोस्त, दोनों वरिष्ठ डॉक्टर उसे निजी तौर पर मिलने के लिए मजबूर कर रहे थे और यौन आधारित स्पष्ट टिप्पणियां भी कर रहे थे। उनके अवांछित ध्यान को रोकने के लिए उसके पिता की धमकियों की जरूरत पड़ी। एक युवा सहकर्मी, जिसने एक अन्य व्यस्त सरकारी अस्पताल से स्त्री रोग में अपनी रेजीडेंसी पूरी की, उसने हाल ही में यह घटना साझा की- लेबर रूम के बगल में स्थित ड्यूटी रूम में गर्भवती महिलाओं की जांच की जाती थी। एक रात उसे एक भर्ती महिला के पति ने जगाया, जिसका चेहरा उसके चेहरे से बमुश्किल कुछ इंच की दूरी पर था। एक अन्य अमीर महिला का भाई लेबर रूम में बार-बार उसके पास आकर बैठता था। वह उसे कॉल करता रहा और कॉफी के लिए बाहर बुलाता रहा, जब तक कि उसने आखिरकार उसका नंबर ब्लॉक नहीं कर दिया। वह कहती है-'मेडिकल



स्कूल से हम पांच दोस्त थे जो देश भर के अलग-अलग अस्पतालों में गए थे। हम सभी के साथ ऐसा अनुभव हुआ।' उसने यह बात किसी से साझा नहीं की। ऐसे अनुभव साझा करने के विचार से उसे थोड़ी शर्मिंदगी महसूस हुई। इसके अलावा उसे यह भी नहीं पता था कि शिकायत करने के लिए कहां जाना है। उसे यौन उत्पीड़न रोकथाम (पॉश) अधिनियम के बारे में नहीं पता था या अस्पताल में कोई समिति मौजूद है या नहीं।

अस्सी साल की उम्र पार कर चुकी एक वरिष्ठ डॉक्टर अपनी ट्रेनिंग के बारे में बताती हैं- 'कभी कोई अप्रिय घटना नहीं हुई, किसी ने कुछ करने की हिम्मत नहीं की। डॉक्टर और छात्र भी कम थे और हम सभी एक-दूसरे को व्यक्तिगत रूप से जानते थे।' अब यह बदल गया है। डॉक्टरों की संख्या बढ़ गई है, छात्रों-रेजिडेंट्स की संख्या उनके शिक्षकों की तुलना में बहुत अधिक है। पहले शिक्षक अस्पतालों में ही रहते थे, अब वे यहां कम समय बिताते हैं और अपने काम में ज्यादा समय बिताते हैं। फिर महिला रेजिडेंट की सुरक्षा, उनके ड्यूटी रूम और शौचालयों की स्थिति के बारे में सोचने का समय या दिमाग कहां है?

महिला सहकर्मी अस्पताल की स्थितियों के बारे में प्रशासन से बार-बार अनुरोध करती हैं, जिसमें ड्यूटी रूम, कैंटीन, ऐसी जगहें शामिल हैं जहां वे बैठकर खाना खा सकें। वैसे भी वे अपना बहुत सारा समय अस्पतालों में बिताती हैं। ये सब बहरे कानों पर पड़ता है। ये प्रशासक कौन हैं? हम राजस्थान में स्थिति को साझा करते हैं, जो कई राज्यों से अलग नहीं हो सकती है- 90 प्रतिशत जिला स्वास्थ्य अधिकारी और अस्पताल प्रशासक पुरुष हैं। इनमें प्रजनन और बाल स्वास्थ्य अधिकारी शामिल हैं, जो महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य के लिए जिम्मेदार हैं।

कुछ अच्छी बातें भी हैं। चंडीगढ़ में पीजीआई जैसे प्रमुख संस्थानों में अध्ययन करने वाले सहकर्मी महिलाओं और पुरुषों के लिए अलग-अलग ड्यूटी रूम, कई प्रवेश द्वारों पर गार्डों द्वारा पहरा दिए जाने वाले लेबर रूम और एक अच्छी तरह से काम करने वाली कैंटीन की बात करते हैं। हालांकि ऐसे उदाहरण बहुत कम और दूर-दूर तक नहीं मिलते।

अगर हम शहरों से कस्बों और गांवों की ओर, और अस्पतालों से सीएचसी और पीएचसी की ओर बढ़ते हैं तो महिला डॉक्टरों की अनुपस्थिति चौंकाने वाली है- 8 पुरुष डॉक्टरों के लिए आपको 2 महिलाएं दिखाई देंगी। उनकी सुरक्षा की चिंताएं उनके काम करने के स्थान के चुनाव को प्रभावित करती हैं और यह कुछ ऐसा है जिसे हमें बेहतर तरीके से जानने की आवश्यकता है। हमारी नर्सों और एएनएम के लिए उत्पीड़न असामान्य नहीं है। 20 साल पहले किए गए एक अध्ययन में कई नर्सों ने समुदाय के सदस्यों के हाथों उत्पीड़न के बारे में बात की थी और बलात्कार व हत्या के एक भयानक मामले की भी रिपोर्ट मिली थी। अब भी कार्यबल में शामिल महिलाएं पॉश या किसी शिकायत समिति के बारे में नहीं जानतीं। न ही यह जानकारी किसी सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधा में प्रदर्शित की जाती है।

प्राथमिक स्वास्थ्य क्लीनिक और सरकारी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र चलाने के दौरान हमने इन खतरों को प्रत्यक्ष रूप से देखा है। महिला नर्सों को शराबी पुरुषों से फोन आते हैं जो कभी-कभी वरिष्ठ पंचायत सदस्य होते हैं।

कई बार ये पुरुष छोटी-मोटी बातों के लिए रात में क्लीनिक में आते हैं और उनकी सेवाएं मांगते हैं। सुरक्षित स्थान बनाने से यौन उत्पीड़न की ऐसी कई घटनाएं और मामले सामने आए हैं और उन पर तुरंत कार्रवाई की गई है। फिर भी यह स्वीकार करने की जरूरत है कि सभी घटनाएं प्रकाश में नहीं आतीं।

# तनाव में होते हैं, तब हमें जंगल, पहाड़, नदियां और गांव अपनी ओर खींचते हैं

– बाबा मायाराम

**पूर्व में आदि**वासियों द्वारा दहिया खेती भी की जाती थी। इस पद्धति में हल नहीं चलाया जाता है। इसमें छोटी झाड़ियों की टहनियों व पत्तों को खेत में बिछा दिया जाता है और उसमें आग लगा दी जाती है। उस राख में बीज छिड़क देते हैं, बारिश होती है तो बीज उग जाते हैं। और फसल पक कर तैयार हो जाती है। इस में मडिया, कांग, जगनी, कुटकी, कंगनी इत्यादि फसलें होती थीं।

जब कभी हम आज की भागमभाग वाली जिंदगी से ऊबते हैं, तनाव में होते हैं, तब हमें जंगल, पहाड़, नदियां और गांव अपनी ओर खींचते हैं। हम वहां जाते हैं और कुछ समय के लिए सुकून व शांति का एहसास करते हैं। प्रकृति को निहारना, पक्षियों को देखना और उनकी आवाज सुनना बहुत भाता है। मैं कई सालों से सतपुड़ा पहाड़ के नजदीक रहता हूं, उसकी सैर भी करता हूं। आज इस कॉलम में पहाड़ों के बारे में अपने अनुभव साझा करना चाहूंगा, जिससे हमें प्रकृति को और करीब से जानने में मदद मिल सके।

मेरा छुटपन गांव में बीता है। गांव का स्मरण करते ही सबसे पहले मुझे गांव की नदी याद आती है। इस नदी का नाम दुधी है। दुधी यानी दूधिया। दूध की तरह सफेद मीठा निर्मल पानी। इस नदी का उद्गम स्थल सतपुड़ा पहाड़ है। नदी में हम नहाते थे और खेलते थे। गांव वाले इसका पानी पीने के लिए भी इस्तेमाल करते थे। तीज-त्यौहार में नदी पर मेला जैसा माहौल होता था। इसकी रेत में तरबूज-खरबूज की खेती होती थी। इसी तरह, सतपुड़ा पहाड़ से ऐसी कई और नदियां निकलती हैं और नर्मदा में मिलती हैं। लेकिन अब यह नदियां सूख रही हैं, सदानीरा से बरसाती हो गई हैं।

अगर हम इस इलाके को दो भागों में विभाजित करें तो उत्तर में नर्मदा नदी है, और दक्षिण में सतपुड़ा की पर्वतमाला फैली हुई है। हमारे गांव के बाहर खेतों से सतपुड़ा पहाड़ की लम्बी श्रृंखलाएं दिखाई देती थीं। पहाड़ के नीचे से रेल गुजरती थी, जिसे देखने का कौतूहल होता था। रेल की आवाज सुनकर बच्चे देखने के लिए दौड़ते थे। रेल पटरी दूर से ही चमकती थी।

पहाड़ मुझे हमेशा से ही आकर्षित करते रहे हैं। वे सदैव ही हमारे साथ होते हैं और अभिभावक की तरह आश्वस्त करते हैं। वे सालों से अडिग हैं और उनकी दुनिया बड़ी और निराली है,जिसमें पेड़, पौधे, वनस्पति जीव जंतु, तितलियां, कीड़े-मकोड़े, पक्षी इत्यादि सभी शामिल हैं।

इन पहाड़ों में दूर- दूर तक हरियाली फैली होती है। हरी-भरी घास का कालीन बिछा होता है। लम्बे चौड़े घास के मैदान होते हैं। पेड़ों की हिलती फुनगियां, फुसफुसाते पौधे,



सरसराती हवा, कल-कल बहते झरनें, नदियां और पक्षियों का गान इत्यादि देखते ही बनता है। ओस में नहाए चरागाह, नाचते मोर, इधर-उधर दौड़ती गिलहरियां, भटकते हिरण, लोमड़ी और सियार का दिखाई देना। पीले धूप के टुकड़े, छितराए घने बादल, मेढ़क व झींगुरों की आवाज, भीगी हवा इत्यादि। यह सब मिलकर बहुत मनमोहक वातावरण बनाते हैं।

जब सुबह मैं सैर पर निकलता हूं तो सड़क के दोनों ओर धान के खेत होते हैं। अब धान रोपाई हो गई है। खेतों में पानी जमा है। मेंढक टरार्ते हैं। हवा में लहराते खेतों की छटा भाती है। कुछ समय बाद ये खेत धान की खुशबू से महकने लगेंगे। फिर सुनहरी बालियां आ जाएंगी।

प्रकृति का स्वभाव कुछ ऐसा होता है कि हर दिन, बीते हुए दिन से अलग होता है। हर क्षण, हर पल उसमें बदलाव होता रहता है। इन दिनों कहीं बारिश अधिक होती है, तो कहीं कम। कहीं हरियाली ज्यादा होती है, तो कम। कभी आसमान साफ होता है, तो कुछ देर में काले बादल भागते नजर आने लगते हैं। कभी पतझड़ होता है तो कभी हरियाली छा जाती है। पेड़ों की छांव, पत्तों का रंग, जंगली फूल, छोटी नदियों की कल-कल, एक साथ पक्षियों का नजर आना इत्यादि।

कोलाहल से दूर यहां का एकांत शांति व सुकून का एहसास देता है। बाहरी दुनिया से जोड़ता है। सोचता हूं कि ऐसा एकांत दूसरे जंगल पहाड़ों में भी होता होगा। यहां पहाड़ों की धुंध और उस पर छितरे बादलों को घंटों देखा जा सकता है। इन पहाड़ों की तलहटी में बसे छोटे–छोटे गांव, खेतों में काम करते किसान, मिट्टी के घर, मक्के के खेत, बल्लर ( सेम) और चरवाहे। ये सभी हमारा ध्यान खींचते हैं।

यहां के जंगल में पेड़-पौधों की काफी विविधता है। यहां आंजन, साल, पीपल, खिन्नी, महुआ, आम, चार, भिलवां, जामुन. सागौन, तेंदू, हर्रा, बहेड़ा जैसे कई पेड़ हैं। पचमढ़ी, जिसे सतपुड़ा की रानी कहा जाता है, यह पर्यटन स्थल तो है, साथ ही इसे जड़ी बूटियों के लिए भी जाना जाता है। पहले आदिवासी व ग्रामीण भी छोटी-मोटी बीमारियों का इलाज परंपरागत रूप से जड़ी-बूटियों से ही करते थे। हालांकि अब इनके जानकार ( गुणधर्मों को जानने वाले) बहुत कम हैं।

यहां कई तरह के रंग-बिरंगे पक्षी हैं। उन्हें करीब से देखना. उनकी आवाज सुनना मुझे बहुत अच्छा लगता है। हालांकि बहुत से पक्षियों की पहचान से अनजान हूं। पक्षी भी प्रकृति का हिस्सा हैं। उनका हमारे जीवन में और प्रकृति में बड़ा योगदान है। परागीकरण से लेकर फसलों के कीट नियंत्रण में बहुत उपयोगी हैं। जंगल को बढ़ाने में भी उनका योगदान है। पक्षियों की विष्ठा खेतों को उर्वर बनाती है। कौआ, चील, और गिद्ध तो अच्छे सफाईकर्मी की तरह काम करते हैं।

इसी प्रकार, यहां के किसानों ने सालों से खेती की अनूठी पद्धति विकसित की हैं, इनमें से एक है, जिसे उतेरा कहा जाता है। अब भी यह पद्धति जंगल पट्टी में कुछ स्थानों पर प्रचलित है। इसमें 6-7 प्रकार के अनाजों को मिलाकर बोया जाता है। इस अनूठी पद्धति में ज्वार, धान, तिल्ली, तुअर, समा, कोदो मिलाकर बोते हैं। एक साथ सभी बीजों को मिला कर खेत में बोया जाता है और बक्खर चलाकर पेंटा लगा देते हैं। फसलें जून (आषाढ़) में बोई जाती हैं लेकिन अलग-अलग समय में काटी जाती हैं। पहले उड़द, फिर धान, ज्वार और अंत में तुअर कटती है। कुटकी जल्द पक जाती है।

उतेरा से पूरा भोजन मिल जाता है। दाल, चावल, रोटी और तेल सब कुछ। इसमें दलहन, तिलहन और मोटे अनाज सब शामिल हैं। इन सबसे साल भर की भोजन की जरूरत पूरी हो जाती है। मवेशियों के लिए चारा और मिट्टी को उर्वर बनाने के लिए जैव खाद मिल जाती है। यानी उतेरा से इंसानों के लिए अनाज, मवेशियों के लिए फसलों के ठंडल, भूसा और चारा, मिट्टी के लिए जैव खाद और फसलों के लिए जैविक कीटनाशक प्राप्त होते हैं।

इसी प्रकार, यहां पूर्व में आदिवासियों द्वारा दहिया खेती भी की जाती थी। इस पद्धति में हल नहीं चलाया जाता है। इसमें छोटी झाड़ियों की टहनियों व पत्तों को खेत में बिछा दिया जाता है और उसमें आग लगा दी जाती है। उस राख में बीज छिड़क देते हैं, बारिश होती है तो बीज उग जाते हैं। और फसल पक कर तैयार हो जाती है। इस में मडिया, कांग, जगनी, कुटकी, कंगनी इत्यादि फसलें होती थीं।

यहां के लोग महुआ के कई तरह के व्यंजन बनाते थे। महुआ का भुरका, बहुत ही स्वादिष्ट होता था। इसे महुआ और जगनी को कूटकर बनाया जाता था। कुटकी का भात और बल्लर की दाल भोजन हुआ करता था। कुटकी का पेज ( एक तरह का सूप) बनाकर पीते थे। यह देश के कई इलाकों में प्रचलित है। छत्तीसगढ़ में बासी को बहुत पसंद किया जाता है। इसके अलावा, आदिवासी कई तरह के कांदा ( कंद) भी खाते हैं। सब्जियों में कई जंगल से मिलने वाली हरी भाजियां व बांस की करील भी खाई जाती थी।

कुछ साल पहले तक हर घर में बाड़ी होती है जिसमें उतेरा की ही तरह मिलवां फसलें हुआ करती थीं। बाड़ी में घरों के पीछे कई तरह की हरी सबिजयां और मौसमी फल और मोटे अनाज लगाए जाते थे। जैसे भटा, टमाटर, हरी मिर्च, अदरक, भिंडी, सेमी (बल्लर), मक्का, ज्वार आदि होते थे। मुनगा, नींबू, बेर, अमरूद आदि बच्चों के पोषण के स्त्रोत होते थे। इसमें न अलग से पानी देने की जरूरत थी और न ही खाद। जो पानी रोजाना इस्तेमाल होता था उससे ही बाड़ी की सब्जियों की सिंचाई हो जाती थी। लेकिन इनमें कई कारणों से कमी आ रही है।


यहां के आदिवासी और ग्रामीणों को खेत और जंगल से काफी अमौद्रिक चीजें मिलती हैं, जो पोषण के लिए निःशुल्क और प्रचुर मात्रा में उपलब्ध होती है। ये सभी चीजें उन्हें अपने परिवेश और आसपास से मिल जाती हैं। जैसे बेर, जामुन, अचार, आंवला, महुआ, मकोई, सीताफल, आम, शहद और कई तरह के फल-फूल, जंगली कंद, और पत्ता भाजी सहज ही उपलब्ध हो जाते है। यह सब पोषण और भोजन का प्रमुख स्त्रोत हैं। हालांकि इनमें भी कमी आ रही है।

कुल मिलाकर, पहाड़ और जंगल की सैर कई मायनों में उपयोगी है। यह हमारे स्वास्थ्य के लिए तो अच्छा है ही साथ ही इससे परिवेश व पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ती ही है। प्रकृति के साथ नजदीकी रिश्ता भी बनता है। उसके प्रति हमारी संवेदनशीलता भी बढ़ती है। इससे जैव विविधता व पर्यावरण का संरक्षण की दिशा में आगे बढ़ते है, टिकाऊ विकास का नजरिया भी मजबूत होता है।

# फैसला वापस लेने को मजबूर मोदी

– प्रो. रविकांत

**राहुल गांधी** ने पहले भारत जोड़ो यात्रा और उसके बाद भारत जोड़ो न्याय यात्रा में भी जाति जनगणना का मुद्दा बड़ी मजबूती से उठाया था। इसका परिणाम यह हुआ कि नरेंद्र मोदी जनगणना से ही भागते रहे। प्रति दस साल बाद होने वाली जनगणना आजादी के बाद पहली बार अवरुद्ध हुई है। दरअसल, जाति जनगणना नरेंद्र मोदी के लिए आगे कुआं और पीछे खाई जैसी स्थिति है। नरेंद्र मोदी अगर जाति जनगणना नहीं कराते हैं तो ओबीसी उनके हाथ से निकल जायेगा और अगर कराते हैं तो श्रेय राहुल गांधी को जाएगा।



नरेंद्र मोदी अपने तीसरे कार्यकाल के दो महीने के भीतर तीन बड़े फैसले वापस लेने के लिए मजबूर हुए हैं। पहले, वक्फ बोर्ड संपत्ति मामले में बिल लाकर भारतीय जनता पार्टी ने मुस्लिम समाज को एक बार फिर से खलनायक बनाने की कोशिश की, लेकिन एनडीए के सहयोगी दलों खासकर चंद्रबाबू नायडू के विरोध और नीतीश कुमार की खामोशी के कारण नरेंद्र मोदी सरकार ने इसे जेपीसी को सौंप दिया। जाहिर तौर पर अब इस बिल का ना तो वह स्वरूप होगा और ना ही इसके जरिए भारतीय जनता पार्टी हिंदू मुसलमान राजनीति करने में कामयाब हो सकेगी। इसके बाद नए ब्रॉडकास्ट बिल को लेकर नरेंद्र मोदी ने बहुत मजबूती के साथ कदम बढ़ाया लेकिन विपक्ष के दबाव और लगातार बढ़ती असहमतियों की आवाजों के कारण सरकार यह बिल संसद में पेश करने से पहले ही पीछे हट गई। इसके बाद 20 अगस्त को एक बहुत महत्वपूर्ण फैसला नरेंद्र मोदी ने वापस किया लिया।

दरअसल, 17 अगस्त को यूपीएससी की तरफ से जारी विज्ञापन में 24 विभागों की 45 उप सचिव, संयुक्त सचिव और निदेशक जैसे पदों के लिए लैटरल एंट्री का विज्ञापन जारी गया था। इसमें आरक्षण का कोई प्रावधान नहीं था। लिहाजा, राहुल गांधी से लेकर अखिलेश यादव, मायावती, मल्लिकार्जुन खड़गे और तेजस्वी यादव समेत समूचे इंडिया गठबंधन के दलों ने लैटरल एंट्री के विरोध में मोर्चा खोल दिया। इसके साथ-साथ एनडीए के घटक दल के सहयोगी चिराग पासवान ने खुलकर लैटरल एंट्री का विरोध किया और सरकार के समक्ष इस मुद्दे को उठाने का ऐलान किया। इसके बाद जनता दल यूनाइटेड के राष्ट्रीय प्रवक्ता केसी त्यागी ने लैटरल एंट्री का सधे शब्दों में विरोध किया और सरकार से इसे वापस लेने का अनुरोध करते हुए कहा कि इससे इंडिया गठबंधन को हमला करने का मौका मिलेगा। इसका परिणाम यह हुआ कि 20 अगस्त की दोपहर होते-होते केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह की तरफ से लैटरल एंट्री का निरस्त्रीकरण संबंधी पत्र जारी किया गया। इस पत्र के हवाले से जितेंद्र सिंह ने लिखा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस बात को लेकर चिंतित हैं कि सिंगल पदों पर कोई आरक्षण का प्रावधान क्यों नहीं है। नरेंद्र मोदी चाहते हैं कि लैटरल एंट्री में भी सामाजिक न्याय सुनिश्चित हो। इस तरह यह फैसला भी वापस हो गया।

इस फैसले ने तय कर दिया है कि अब भारत की राजनीति का पहिया पूरी तरीके से घूम चुका है। पिछले एक दशक से चल रही कॉर्पोरेट हितैषी हिंदुत्व की राजनीति का समय अब समाप्त हो गया है। हालांकि, 2024 के लोकसभा चुनाव ने ही यह तय कर दिया था कि अब राजनीति दलितों-वंचितों के साथ सामाजिक न्याय के रथ पर सवार होकर आगे बढ़ रही है। नरेंद्र मोदी की हिंदुत्व की राजनीति के लिए अब कोई मौका नहीं है। ऐसे में उन्हें लगातार इस तरह के फैसले वापस लेने पड़ रहे हैं। अब जबकि हिंदुत्व की राजनीति का चक्र पूरा हो चुका है और राजनीति सामाजिक न्याय की धुरी पर आकर केंद्रित हो गई है, ऐसे में वे तमाम मुद्दे अब सामने आएंगे जिनसे नरेंद्र मोदी अब तक बचते रहे हैं। राहुल गांधी ने 20 अगस्त की शाम को ट्वीट करके लैटरल एंट्री की वापसी को संविधान की जीत बताया और जाति जनगणना तथा 50 फीसदी आरक्षण की सीमा को खत्म करने की मांग दोहराई। जाहिर है कि राहुल गांधी का अगला कदम जाति जनगणना और आरक्षण की सीमा 50 फीसदी को हटाए जाने की मुहिम होगी। नरेंद्र मोदी पिछले 4 साल से जाति जनगणना के मुद्दे से मुंह छुपा रहे हैं। 2020-21 में उन्हें एक मौका कोरोना की आपदा ने दिया था। कोरोना प्रोटोकॉल के नाम पर उन्होंने जनगणना को ही टाल कर दिया था। हालांकि इस दरमियान विधानसभा से लेकर पंचायत तक के चुनाव संपन्न हुए और खुद नरेंद्र मोदी ने सैकड़ों सभाएं कीं।

राहुल गांधी ने पहले भारत जोड़ो यात्रा और उसके बाद भारत जोड़ो न्याय यात्रा में भी जाति जनगणना का मुद्दा बड़ी मजबूती से उठाया था। इसका परिणाम यह हुआ कि नरेंद्र मोदी जनगणना से ही भागते रहे। प्रति दस साल बाद होने वाली जनगणना आजादी के बाद पहली बार अवरुद्ध हुई है। दरअसल, जाति जनगणना नरेंद्र मोदी के लिए आगे कुआं और पीछे खाई जैसी स्थिति है। नरेंद्र मोदी अगर जाति जनगणना नहीं कराते हैं तो ओबीसी उनके हाथ से निकल जायेगा और अगर कराते हैं तो श्रेय राहुल गांधी को जाएगा। सवर्ण जातियां जाति जनगणना कतई नहीं चाहतीं। यही बीजेपी का आधार वोटबैंक हैं। लेकिन इसकी तादात 12-15 फीसदी से अधिक नहीं है। केवल सवर्णों के सहारे बीजेपी कभी चुनाव नहीं जीत सकती। जाति जनगणना का मुद्दा पहले बिहार में मुखर हुआ था।

विपक्ष में रहे तेजस्वी यादव ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ मिलकर नरेंद्र मोदी से जाति जनगणना कराने का आग्रह किया। लेकिन जब बिहार में एनडीए की सरकार टूट गई और महागठबंधन की सरकार बनी, तो नीतीश कुमार और तेजस्वी यादव की सरकार ने बिहार में जाति जनगणना और आर्थिक सर्वेक्षण कराया। बिहार में जो डेमोग्राफी सामने आई, उससे भारतीय जनता पार्टी के पैरों तले से जमीन खिसक गई।

# एक सितम्बर से चलेगा भाजपा सदस्यता अभियान

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** राष्ट्रीय, प्रदेश व क्षेत्रीय नेतृत्व के आवाहन पर एक सितम्बर से होने वाली भाजपा प्राथमिक सदस्यता अभियान कार्यशाला वृंदावन गार्डन मे चित्रकूट जिला प्रभारी/कानपुर बुन्देलखण्ड क्षेत्रीय उपाध्यक्ष डॉ अनिल यादव के मुख्य आतिथ्य व जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी की अध्यक्षता तथा सदस्यता प्रमुख चन्द्रिका प्रसाद उपाध्याय की मौजूदगी हुई।

शनिवार को कार्यशाला में क्षेत्रीय उपाध्यक्ष डॉ अनिल यादव ने कहा कि किसी भी संगठन का मूल आधार सदस्य होते हैं। उन्हीं की मेहनत से संगठन आगे बढता है। सदस्यता अभियान सर्वव्यापी, सर्वग्राही हो, ध्यान देना है। सदस्यता अभियान का पहला चरण एक से 25



कार्यशाला में बोलते जिला प्रभारी डॉ अनिल यादव।

सितम्बर तक चलेगा। एक से 15 अक्टूबर तक सक्रिय सदस्यता अभियान चलेगा। टोलफ्री नम्बर 8800002024 है। मिस्डकाल कर सदस्य बन सकते हैं। मिस्ड काल के अलावा क्यूआर कोड, नमो एप व वेबसाइट में फार्म भरकर सदस्य बन सकते हैं। सार्वजनिक स्थानों पर कैंप लगाकर सदस्यता अभियान चलाया जायेगा। प्रत्येक बूथ पर 200 सदस्य बनाये जायेंगे। सांसद, विधायक से लेकर जनप्रतिनिधियों, पदाधिकारियों, मोर्चा प्रकोष्ठों को सदस्यता का लक्ष्य दिया है। सक्रिय सदस्य बनने को 100 सदस्य बनाने होंगे।

भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी ने कहा कि एक सितंबर को भाजपा सदस्यता अभियान कार्यशाला बाद 25 से 27 अगस्त में मंडलों व 31 अगस्त तक बूथों में कार्यशाला होंगी। एक सितम्बर को सदस्यता अभियान का शुभारंभ प्रधानमंत्री को सदस्य बनाकर किया जाएगा। 2 व 3 सितम्बर को प्रदेश में शुरुवात होगी। 4-5 सितम्बर को जिलों में सदस्यता अभियान चलेगा। 11 से 17 सितम्बर को विशेष अभियान चलेगा। संगठन की शक्ति का आधार सदस्यता है। जिला सदस्यता प्रमुख चन्द्रिका प्रसाद उपाध्याय ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति, वर्ग तथा क्षेत्र तक पहुंचकर सभी को सदस्य बनाना है। संचालन जिला महामंत्री राघवेन्द्र सिंह ने किया। कार्यशाला में चन्द्र प्रकाश खरे, जिला महामंत्री आलोक पाण्डेय, मीडिया प्रभारी भागवत त्रिपाठी, शिवशंकर सिह, अर्जुन शुक्ला, राजेश जायसवाल, आनन्द पटेल, सुशील द्विवेदी, अश्वनी अवस्थी, हीरो मिश्रा, बृजेश पांडे, जगदीश गौतम, तीरथ तिवारी, मनोज तिवारी, महेन्द्र कोटार्य, राजेश्वरी द्विवेदी, विनीता द्विवेदी, अर्चना सिंह, दिनेश पटेल, जयप्रकाश पांडे, महेश पांडे, अर्पित जायसवाल, संजय पांडे, मोहित मिश्रा, मोनू मिश्रा, मधुरेन्द्र प्रताप सिंह आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।



कोतवाली में शिकायत सुनते एसपी।

# समाधान दिवस पर एसपी ने सुनी शिकायतें

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह की अध्यक्षता में थाना समाधान दिवस कोतवाली कर्वी में हुआ। फरियादियों की शिकायतें सुनकर जल्द निस्तारण के निर्देश दिये। भूमि विवाद बाबत राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम को मौके पर भेजकर जांचकर निस्तारण के निर्देश दिये। शनिवार को समाधान दिवस में कर्वी कोतवाल उपेंद्र प्रताप सिंह, पीआरओ प्रवीण कुमार सिंह, राजस्व व पुलिस विभाग के अधिकारी/कर्मचारी मौजूद रहे।

# मऊ पुलिस ने नाबालिग को बरामद कर आरोपी दबोचा

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अपहृतों/गुमशुदा की बरामदगी को जारी अभियान में प्रभारी निरीक्षक मऊ विनोद कुमार राय की अगुवाई में दरोगा विनय विक्रम सिंह की टीम ने अपहृता को बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार किया।

ज्ञात है कि 27 जनवरी 2024 को मऊ थाने के ग्रामीण ने सूचना दी कि नाबालिग पुत्री को वीरेन्द्र आरख पुत्र मुन्नालाल भैरमपुर बहला-फुसला कर भगा ले गया है। पुलिस ने मामला दर्जकर विवेचना दरोगा विनय विक्रम सिंह को सौंपी। दरोगा की टीम ने मुखबिर की सूचना पर 23 अगस्त को पीड़िता को बरामद कर बाल संरक्षण इकाई के समक्ष पेश किया। न्यायालय में बयान



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

कराये। शनिवार को मुखबिर की सूचना पर आरोपी वीरेन्द्र आरख को गिरफ्तार किया। टीम में दरोगा विनय विक्रम सिंह, सिपाही प्रवीण पाण्डेय व महिला सिपाही पल्लवी शामिल रहे।

## परीक्षा केन्द्रों की ड्रोन कैमरे से निगरानी

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** जिले में जारी उप्र पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा के परीक्षा केन्द्रों की सर्विलांस/एसओजी टीम ने ड्रोन कैमरे से निगरानी की। शनिवार को पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर जिले में चल रही उप्र पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने को प्रभारी सर्विलांस/एसओजी एमपी त्रिपाठी की अगुवाई में सर्विलांस टीम ने जिले के सभी छह परीक्षा केन्द्रों पर ड्रोन कैमरे से निगरानी की। निगरानी दौरान कोई खतरे के संकेत नहीं मिले।

# पुलिस भर्ती परीक्षा में लापरवाही नहीं होगी क्षम्यः डीएम

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** उप्र पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा को निष्पक्ष, नकलविहीन, सकुशल व शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने को जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन व पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने प्रथम व द्वितीय पाली में जिले के छह विद्यालयों में हो रही परीक्षा केन्द्रों में जाकर जायजा लिया।

शनिवार को उप्र पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा की लिखित परीक्षा पहली पाली में 3120 छात्रों में 2174 मौजूद रहे। 946 छात्र गैरहाजिर रहे। द्वितीय पाली में 3120 छात्रों में 2224 हाजिर व 896 छात्र गैरहाजिर मिले। डीएम-एसपी ने परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरा, स्ट्रांग रूम, चेकिंग, फेस्टिंग, बायोमैट्रिक व्यवस्था



निरीक्षण करते डीएम-एसपी।

देखी। निरीक्षण दौरान निर्देश दिये कि सभी परीक्षा केंद्रों पर सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टेटिक मजिस्ट्रेट व केंद्र व्यवस्थापक, सहायक केंद्र व्यवस्थापक, कक्ष निरीक्षक परीक्षा दौरान भर्ती बोर्ड के निर्देशों का पालन करते हुए परीक्षा सकुशल सम्पन्न करायें। परीक्षा दौरान सभी कक्षों में सीसीटीवी कैमरा चलता रहे। उन्होंने केंद्र व्यवस्थापकों से परीक्षा बाबत जानकारी ली। निर्देश दिये कि परीक्षा दौरान किसी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नही होगी।



परीक्षा का जायजा लेते डीएम-एसपी।

# डीएम-एसपी ने पुलिस भर्ती परीक्षा का लिया जायजा

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन व पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने जिले में उप्र पुलिस आरक्षी भर्ती को सकुशल सम्पन्न कराने को परीक्षा केन्द्र जगद्गुरु रामभद्राचार्य राजकीय दिव्यांग विश्वविद्यालय, सेठ राधा कृष्ण पोद्दार इंटर कॉलेज सीतापुर, गोस्वामी तुलसीदास राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बेडीपुलिया, गंगा प्रसाद इंटर कॉलेज, चित्रकूट इंटर कॉलेज व राजकीय बालिका इंटर कॉलेज का भ्रमण कर सुरक्षा का जायजा लिया।

शनिवार को डीएम-एसपी ने ड्यूटी पर तैनात अधिकारी/कर्मचारी सतर्कता से ड्यूटी करने के निर्देश दिये। भ्रमण दौरान सीओ सिटी राजकमल, पुलिस केन्द्र प्रभारी/पीआरओ प्रदीप कुमार पाल आदि मौजूद रहे।

## :जनचौपाल:

# बीडीओ ने दी योजनाओं की जानकारी

अखंड भारत संदेश

**पहाड़ी/चित्रकूट।** सूबे के मुख्यमंत्री के निर्देश पर पहाडी ब्लाक के कलवारा खुर्द गांव में सचिवालय भवन में जनचैपाल में बीडीओ पहाड़ी दिनेश कुमार मिश्र ने लगाई। जन चैपाल में एडीओ कृषि शारदा ने कहा कि धान की खेती में उत्पादन बढ़ाने को नील हरित शैवाल का प्रयोग करें, ताकि अधिक उत्पादन हो।

शुक्रवार को जनचैपाल में धान फसल सुरक्षा को रस चूषक कीटो गंधी बग के नियंत्रण को निमास्त्र व ब्रह्मास्त्र का प्रयोग करें। नील गाय से फसल बचाव को हर्बोलिवं का प्रयोग करें, ताकि सभी के खेतों में नील गाय नहीं आयेगी। दीमक नियंत्रण को जैविक दवा



जन समास्यों को सुनते बीडीओं व अन्य अधिकारिगण।

व्यूबैरिया वैसियाना का प्रयोग करें। नियंत्रण को ट्राइकोडर्मा प्रयोग करें, ताकि दीमक खेत में न पनपे। एडीओ समाज कल्याण सुनील सिंह ने कहा कि दिव्यांग पेंशन, वृद्ध पेंशन, सामूहिक विवाह योजना की शासन की महत्वपूर्ण योजना हैं। जिन्हें पेंशन नहीं मिल रही, वे आनलाइन आवेदन करें, ताकि समय से पेंशन मिलने लगे। सामूहिक विवाह में दोनों पक्षों के दस्तावेज लगाकर ग्राम सचिव या ब्लाक में फार्म जमा करें, ताकि योजना का लाभ ले सकें। बीडीओ पहाड़ी दिनेश कुमार मिश्र ने शासन की योजनाओं की जानकारी दी। बताया कि आवास, पेंशन, स्वास्थ्य टीकाकरण, शिक्षा समय से करायें। टीकाकरण से छोटी-छोटी बीमारी दूर रहती है। मनरेगा में सौ दिन काम किया है तो श्रम विभाग पंजीकरण करायें। गांव के रामनारायण ने बीडीओ से कहा कि उच्च प्राथमिक विद्यालय कलवारा खुर्द को कक्षा 12 तक उच्चीकृत करवायें, ताकि बच्चों को उच्च स्तरीय शिक्षा यहीं मिल सके। इसके बाद वृक्षारोपण हुआ। इस मौके पर एडीओ कोआपरेटिव मनोज सिंह, बीओ पीआरडी उदयभान सिंह, एडीओ कृषि शारदा प्रसाद, एडीओ समाज कल्याण सुनील सिंह, लेखपाल सुरेन्द्र पाण्डेय, ग्राम विकास अधिकारी कमल सिंह, जेई, प्रधान रणजीत सिंह, पंचायत मित्र रजुली यादव, पंचायत सहायक विकास कुमार, आंगनबाड़ी कार्यकत्री आशा सिंह, कमला देवी व सुमन समेत ग्रमीण मौजूद रहे।



सुरक्षा जांचती संयुक्त टीम।

# पुलिस भर्ती परीक्षा की एलआईयू ने जांची सुरक्षा

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी की देखरेख में दरोगा एलआईयू शिवसागर तिवारी की अगुवाई में डॉग स्क्वॉयड व एलआईयू की संयुक्त टीम ने आरक्षी नागरिक पुलिस भर्ती परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने को सुरक्षा के लिहाज से सभी छह परीक्षा केंद्रों की जांच की। शनिवार को एलआईयू की संयुक्त टीम ने परीक्षा केन्द्र सीआईसी, जीजीआईसी, गंगा प्रसाद इंटर कालेज, गोस्वामी तुलसीदास राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बेड़ीपुलिया, जगद्गुरु दिव्यांग राज्य महाविद्यालय सीतापुर, सेठ राधाकृष्ण पोद्दार इंटर कालेज सीतापुर का स्थलीय निरीक्षण कर जांच की। जांच में कोई आपत्तिजनक वस्तु नहीं मिली।

# नाबालिग से दुष्कर्म आरोपी दबोचा



पुलिस गिरफ्त में दुष्कर्म आरोपी।

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ जारी कार्यवाही में थानाध्यक्ष बहिलपुरवा राम सिंह की अगुवाई में पुलिस ने नाबालिग से दुष्कर्म आरोपी को गिरफ्तार किया।

ज्ञात है कि 21 अगस्त को अनुसूचित जाति के वादी ने थाने में सूचना दी कि नाबालिग पुत्री को शिब्बू उर्फ शिवम द्विवेदी उर्फ अंकित द्विवेदी पुत्र अशोक द्विवेदी सेमरिया चरणदासी अपने घर के अन्दर ले जाकर दुष्कर्म किया है। पुलिस ने उचित धाराओं में मामला दर्जकर विवेचना दरोगा अजहर जमाल को सौंपी।

दरोगा ने शिब्बू उर्फ शिवम द्विवेदी उर्फ अंकित द्विवेदी को गिरफ्तार किया। टीम में दरोगा अजहर जमाल व सिपाही जितेंद्र मौर्या शामिल रहे।

# चोरी की बकरी समेत चोर दबोचा

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ जारी कार्यवाही में प्रभारी निरीक्षक मऊ विनोद कुमार राय की अगुवाई में पुलिस टीम ने 24 घंटे में बकरी चोरी का खुलासा कर चोरी की बकरी समेत चोर को दबोचा है।

ज्ञात है कि 23 अगस्त को मऊ थाने के अटलनगर के बरातीलाल पुत्र टेकई ने सूचना दी कि घर से अज्ञात चोर एक बकरी व दो बकरी के बच्चे चुरा ले गये हैं। पुलिस ने मामला दर्जकर खुलासे की जिम्मेदारी दरोगा शाहबाज खां को सौंपी। दरोगा ने शनिवार को जमुना जी रोड से आगे ब्रिज के आगे बम बाबा तिराहे से रामलखन पुत्र मेढ़ीलाल चक गुलाम आलम थाना कौशांबी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की एक बकरी व दो बच्चे बरामद किये। माल बरामदगी पर धारायें बढाई। टीम में दरोगा शाहबाज खां व सिपाही प्रवीण पाण्डेय शामिल रहे।



पुलिस गिरफ्त में चोर।

# दीवार तोड़ चोर गहने समेत ले गये नकदी

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** मऊ थाने के नगर पंचायत बम्बुरी रोड पर बुधईलाल के घर में अज्ञात चोरों ने धावा बोलकर घर की दीवार तोड़कर अंदर घुस गये। घर में रखे सोने-चांदी के जेवर, नकदी व अन्य कीमती सामान उडा ले गये।

चोरी की ये घटना शुक्रवार की रात हुई। बताया गया कि चोर जब सामान लेकर जा रहे थे, तभी बुधईलाल की पत्नी की नींद खुल गई। पत्नी ने चोरों को पहचान लिया। चोरों ने जल्दी से पूरा सामान लेकर फरार हो गये। ये पहली बार नहीं है, जब बुधईलाल के घर में चोरी की घटना हुई है। इससे पहले चोरी की एक और घटना हो चुकी है। सूचना मऊ थाने में दी थी। घटना की जानकारी मिलते ही मऊ थाना प्रभारी विनोद कुमार राय मौके पर पहुंचे। घटना स्थल का निरीक्षण कर चोरों को जल्द पकडने का भरोसा दिया।

## किशोरी की संदिग्ध मौत पर भाभी ने दादा के परिजनों पर लगाये आरोप

**चित्रकूट।** किशोरी की संदिग्ध दशा में मौत होने पर भाभी ने दादा के घर वालों पर हत्या का आरोप लगाया है। आरती के माता-पिता की मृत्यु बाद आरती को दादा-दादी ननिहाल से घर ले गये थे। ये घटना भरतकूप थाना क्षेत्र के कोलौंहा गांव की है। बताया गया कि कुछ दिन पहले आरती की मां की संपत्ति को लेकर आरती व दादा-दादी के बीच विवाद हुआ था। आरती की भाभी के आरोप हैं कि इसी विवाद के चलते आरती की हत्या कर फांसी पर लटकाया गया है। घटना की सूचना पाकर आरती के परिजन घटना स्थल पहुंचे। पुलिस को जानकारी दी। भरतकूप थाना प्रभारी प्रवीण सिंह ने बताया कि आरती की मौत की सूचना पर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची है। शव का पंचनामा कर शनिवार को पोस्टमॉर्टम को मर्चरी भेजा। परिजनों की शिकायत पर दादा पक्ष पर मामला दर्ज हो रहा है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने पर हकीकत सामने आयेगी। मामले की जांच जारी है।

## बांग्लादेश में गहराया आर्थिक संकट

# मोहम्मद यूनुस सरकार ने आईएमएफ से मांगा 3 अरब डॉलर का अतिरिक्त कर्ज

**ढाकाः बांग्लादेश** ने अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) से 3 अरब डॉलर के अतिरिक्त कर्ज की मांग की है। इसके लिए मोहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार आईएमएफ से बातचीत कर रही है। बांग्लादेश के अखबार द डेली स्टार ने बीबीसी और ब्लूमबर्ग के हवाले से अपनी रिपोर्ट में ये जानकारी दी है। ब्लूमबर्ग के साथ एक साक्षात्कार में बांग्लादेश के केंद्रीय बैंक के नए गवर्नर अहसान मंसूर ने कहा है कि देश में हाल की राजनीतिक उथल-पुथल से उबरने के लिए ऋण की आवश्यकता है। साथ ही बैंक अनपेड लोन को पूरा करने के लिए स्थानीय बैंकों से डॉलर भी खरीद रहा है।




रिपोर्ट के मुताबिक, बांग्लादेश ने पिछले साल आईएमएफ से 4.7 अरब डॉलर की फंडिंग हासिल की थी। मंसूर ने कहा कि वह इस राशि को अतिरिक्त 3 अरब डॉलर तक बढ़ाने और फ्रंट लोड करने के लिए वाशिंगटन स्थित वित्तीय निकाय आईएमएफ के साथ बातचीत कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश विश्व बैंक से अतिरिक्त 1.5 अरब डॉलर और एशियाई विकास बैंक और जापान अंतर्राष्ट्रीय सहयोग एजेंसी प्रत्येक से 1 अरब डॉलर की मांग कर रहा है।

राजनीतिक उथल-पुथल ने प्रभावित की है अर्थव्यवस्था

आईएमएफ में तीन दशक बिताने वाले अनुभवी अर्थशास्त्री मंसूर को मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार ने बांग्लादेश बैंक का गवर्नर बनाया गया है। पूर्व गवर्नर अब्दुर रूफ तालुकदार और दो डिप्टी गवर्नरों ने हसीना सरकार के गिरने के बाद इस्तीफा दे दिया था। 13 अगस्त को मंसूर को बांग्लादेश बैंक का गवर्नर नियुक्त किए जाने के बाद से केंद्रीय बैंक ने इंटरबैंक बाजार से तीन दिनों में 200 मिलियन डॉलर से अधिक की खरीदारी की। मंसूर ने कहा कि केंद्रीय बैंक का लक्ष्य स्थानीय बैंकों से हर महीने 1 अरब डॉलर तक खरीदने का है।

बांग्लादेश में बीते कुछ समय में बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन हुए है। इसके चलते 5 अगस्त को शेख हसीना को पीएम पद से हटना पड़ा और अराजकता के बीच मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व में नई अंतरिम सरकार बनी है। प्रदर्शन और हिंसा ने देश के कपड़ा निर्यात को बाधित कर दिया है। बाग्लादेश का विदेशी मुद्रा का भंडार पहले ही दबाव में था, जिसे मौजूदा संकट ने गंभीर कर दिया है। नई सरकार इससे उबरने के लिए कर्ज तलाश रही है।

# तेजस, MQ9 किलर ड्रोन... अमेरिका पहुंचे रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, हथियारों से जुड़ी बड़ी डील संभव

**वॉशिंगटनः भारत** के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह अमेरिका पहुंचे हैं। 2023 में पीएम मोदी की यात्रा के बाद वह अमेरिका जाने वाले सर्वोच्च रैंकिंग वाले व्यक्ति हैं। यह यात्रा अमेरिकी रक्षामंत्री लॉयड ऑस्टिन के निमंत्रण पर हो रही है। यात्रा ऐसे समय पर हो रही है जब GE इंजनों की डिलीवरी में देरी के कारण भारत के हल्के लड़ाकू विमान संस्करण तेजस MK1A की डिलीवरी में देरी हो रही है। पीएम मोदी की यात्रा के दौरान अमेरिका और भारत के संबंधों को गति मिली है। कई बड़े सौदों पर हस्ताक्षर किए गए हैं। इनमें भारतीय लड़ाकू जेट के लिए जीई इंजन और अमेरिकी अंतरिक्ष शटल में एक भारतीय अंतरिक्ष यात्री को इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन पर भेजना शामिल था।



साल 2023 में अमेरिकी इंजन निमार्ता GE एयरोस्पेस और हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (HAL) के बीच एक समझौता हुआ था। इसमें भारत में F-414 इंजन का संभावित संयुक्त उत्पादन शामिल था, जो स्वदेशी फाइटर जेट के उन्नत संस्करण भारतीय LCA Mk2 में लगेगा। अभी 99 इंजन का ऑर्डर है। इनमें से पहला लड़ाकू जेल मार्च 2024 में भारतीय वायु सेना को दिया जाना था। लेकिन इंजन में देरी के कारण अभी तक ऐसा नहीं हो सका है। GE एयरोस्पेस HAL के साथ मिलकर मुद्दे को हल कर रहा है। कंपनी का कहना है कि देरी का कारण सप्लाई चेन में आने वाली समस्या है। F-404 इंजनों की आपूर्ति में लगभग 10 महीने की देरी हुई है।

इंजन का मुद्दा उठाएंगे राजनाथ सिंह

HAL वित्तीय वर्ष 2024-25 में IAF को 16 तेजस और 2028-29 तक 83 लड़ाकू विमान देना चाहता है।

# ऑफिस के बाद बॉस नहीं कर पाएगा फोन

**कैनबराः ऑस्ट्रेलिया** में एक नया कानून लागू किया गया है। इस कानून का नाम राइट टू डिस्कनेक्ट यानी संपर्क में ना रहने का अधिकार है। ये कानून ऑस्ट्रेलिया के कर्मचारियों को 'काम के घंटों के बाद बॉस की बात ना सुनने' की अनुमति देता है। ऑस्ट्रेलिया में ये कानून इसी सोमवार से लागू हो जाएगा। यानी कर्मचारियों को सोमवार से काम के घंटों के बाद अपने बॉस की कॉल को नजरअंदाज करने का अधिकार होगा। ये कानून इस साल फरवरी में पारित हुआ था। इस कानून के तहत अगर कोई बॉस अपने कर्मचारी को शिफ्ट के बाद भी काम बताता है तो वह इसकी शिकायत कर सकता है। टीओआई की रिपोर्ट के मुताबिक, ऑस्ट्रेलिया का ये नया कानून उन कर्मचारियों को संरक्षण देता है जो काम के घंटों के बाद अपने ऑफिस से बात नहीं करना चाहते हैं। अब कर्मचारियों को अपने कामकाजी घंटों के बाहर संपर्क से इनकार करने का अधिकार होगा। इसका मतलब है कि एक कर्मचारी अपने बॉस की कॉल और मैसेज का जवाब देने से इनकार कर सकता है।

# इजरायल-हमास के बीच 25 अगस्त को फिर होगी शांति वार्ता, अमेरिका और मिस्र भी होंगे शामिल

**तेल अवीव। इजरायल** और हमास के बीच अक्टूबर 2023 से युद्ध चल रहा है। वैश्विक स्तर पर दोनों देशों के बीच शांति स्थापित करने की अब तक की कोशिश नाकाम रही है। इस बीच रविवार (25 अगस्त ) को दोनों के बीच काहिरा में नए सिरे से शांति वार्ता शुरू हो होगी।

जिसमें केंद्रीय खुफिया एजेंसी (सीआईए) के प्रमुख विलियम बर्न्स और मध्य पूर्व मामलों के लिए व्हाइट हाउस के सलाहकार ब्रेट मैकगर्क हिस्सा लेंगे।



इसके अलावा कतर के प्रधानमंत्री मोहम्मद बिन अब्दुलरहमान बिन जसीम अल थानी और मिस्र के खुफिया प्रमुख मेजर जनरल अब्बास कामेल भी मध्यस्थ के तौर पर शामिल होंगे।

अरब मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फत्ताह अल-सिसी ने अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन के साथ टेलीफोन पर बातचीत की। इस दौरान उन्होंने इजरायल को अपने रवैए में बदलाव लाने की जरूरत पर बल दिया।

रिपोर्ट में कहा गया है कि इससे पहले मिस्र के राष्ट्रपति ने अमेरिकी राष्ट्रपति को फिलाडेल्फिया कॉरिडोर और नेटजारिम कॉरिडोर से इजरायली सैनिकों की पूरी तरह वापसी की मांग के बारे में बताया था। 19 अगस्त को तेल अवीव में अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन और इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के बीच तीन घंटे तक एक बैठक चली थी। इसमें नेतन्याहू ने कहा था।

# यूरोपीय संघ ने नवीन ऊर्जा उद्योग में तमाम औद्योगिक सब्सिडी नीतियां लागू कीं



**बीजिंग। यूरोपीय** आयोग ने 20 अगस्त को चीन के इलेक्ट्रिक वाहन के खिलाफ सब्सिडी विरोधी जांच के अंतिम फैसले का खुलासा किया। इसके अनुसार यूरोपीय आयोग चीनी निर्यात कंपनियों पर 17 प्रतिशत 36.3 प्रतिशत का प्रतिकारी शुल्क लगाएगा, लेकिन टेस्ला की टैक्स दर नौ प्रतिशत है।

बताया जाता है कि यूरोपीय आयोग के इस फैसले का उद्देश्य यूरोपीय संघ के इलेक्ट्रिक वाहन उद्योग के परिवर्तन और विकास के लिए जगह बनाना है। यूरोपीय आयोग ने 4 अक्तूबर 2023 को अपने अधिकार के अनुसार स्वतंत्र रूप से मामला दर्ज किया।

अंतर्राष्ट्रीय समुदाय ने इस पर बड़ा ध्यान दिया। यूरोयीप संघ के कई सदस्य देशों, ऑटोमोटिव उद्योग संगठन व कंपनियों, थिंक टैंक और विशेषज्ञों ने क्रमशः कहा कि प्रतिकारी शुल्क लगाने का असली उद्देश्य "निष्पक्ष व्यापार" के बहाने संरक्षणवाद करना है। यूरोपीय संघ के इलेक्ट्रिक वाहन उद्योग के विकास को बढ़ावा देने के लिये प्रतिस्पर्धा से नहीं डरना चाहिए।

वास्तव में यूरोपीय संघ जलवायु परिवर्तन और हरित परिवर्तन के नये चरण की वैश्विक प्रतिस्पर्द्धा में प्रभुत्व स्थापित करना चाहता है। हाल के वर्षों में कई देशों ने फोटोवोल्टिक उत्पाद, इलेक्ट्रिक वाहन और लिथियम बैटरी को व्यवसाय के विकास में प्राथमिकता दी।

यूरोपीय संघ ने वर्ष 2019 में नवीन ऊर्जा उद्योग का विकास बढ़ाना शुरू किया। यूरोपीय संघ का उद्देश्य न सिर्फ संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास का लक्ष्य हासिल करना है।

# सेल्फ-ड्राइविंग से चीन का परिवहन पैटर्न बदल जाएगा

**अत्याधुनिक ऑटोमोटिव प्रौद्योगिकी में वैश्विक नेता बनने की महत्वाकांक्षाओं के कारण चीन का सेल्फ-ड्राइविंग उद्योग पिछले एक दशक में तेजी से बढ़ा है**

**बीजिंग। अत्याधुनिक** ऑटोमोटिव प्रौद्योगिकी में वैश्विक नेता बनने की महत्वाकांक्षाओं के कारण चीन का सेल्फ-ड्राइविंग उद्योग पिछले एक दशक में तेजी से बढ़ा है। चीन और अन्य देशों के बीच निवेश, प्रौद्योगिकी, प्रतिभा और स्वायत्त वाहनों और सहायक प्रौद्योगिकियों के अन्य पहलुओं में मुख्य अंतर लगातार कम हो रहा है। चीन की सेल्फ-ड्राइविंग तकनीक और कंपनियों के पास दुनिया का सबसे बड़ा ऑटो बाजार है, जो 2009 से दुनिया के आधे इलेक्ट्रिक वाहनों का उत्पादन कर रहा है, और पहले से ही विश्व स्तर पर प्रतिस्पर्धी है।



इसमें कोई संदेह नहीं है कि चीन सरकार स्वायत्त ड्राइविंग को सख्ती से विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है, जो प्रासंगिक नीतियों और नियमों से स्पष्ट है। प्रौद्योगिकी के वर्तमान विकास चरण, रिकॉर्ड निवेश स्तर और पर्याप्त प्रतिभा भंडार को देखते हुए, केपीएमजी अनुसंधान का अनुमान है कि 2030 तक, चीन के प्रमुख शहर स्वायत्त ड्राइविंग के बड़े पैमाने पर अनुप्रयोग को प्राप्त कर लेंगे। अगले दशक में ऑनलाइन राइड-हेलिंग या लॉजिस्टिक्स डिलीवरी वाहनों के रूप में स्वायत्त ड्राइविंग के बाजार में प्रवेश करने की संभावना है। इंटरनेट ऑफ व्हीकल्स इंडस्ट्री इनोवेशन एलायंस ने उद्योग के लिए बाजार मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए 2020 में "इंटेलिजेंट कनेक्टेड व्हीकल टेक्नोलॉजी रोडमैप 2.0" जारी किया। इस रोडमैप में कहा गया है कि 2025 तक, आंशिक रूप से स्वायत्त और सशर्त रूप से स्वायत्त वाहनों की बिक्री कुल वाहन बिक्री का 50 प्रतिशत से अधिक होगी। उच्च-स्तरीय स्वायत्त ड्राइविंग का पहले विशिष्ट परिदृश्यों और सीमित क्षेत्रों में व्यावसायीकरण किया जाएगा, और भविष्य में अनुप्रयोगों का दायरा बढ़ता रहेगा। उम्मीद है कि 2035 तक, चीन के अधिकांश क्षेत्रों में विभिन्न प्रकार के उच्च-स्तरीय स्वायत्त वाहन लोकप्रिय हो जाएंगे।

# बांग्लादेश में नौसैनिक अड्डा बनाने के लिए अमेरिका ने शुरू कर दी प्लानिंग!

**ढाकाः बांग्लादेश** में इस महीने की शुरूआत में एक बड़े छात्र आंदोलन के बाद शेख हसीना को प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देना पड़ा था। हसीना को ढाका से भागकर भारत में शरण लेनी पड़ी। भारत पहुंचने के कुछ दिन ही मीडिया में आए उनके एक कथित बयान में कहा गया कि अगर उन्होंने अमेरिका को सेंट मार्टिन द्वीप दे दिया होता तो आज भी वे बांग्लादेश की सत्ता में होतीं। हालांकि, अमेरिका में रह रहे उनके बेटे सजीब वाजेद जॉय ने इसका खंडन किया और कहा कि उनकी मां हसीना ने ऐसा बयान नहीं दिया है। लेकिन इतने से बात खत्म नहीं होती, बांग्लादेश में हुई इस बड़ी उथल-पुथल से तीन महीने पहले शेख हसीना ने सार्वजनिक रूप दावा किया था कि विदेशी ताकत की बांग्लादेश के सेंट मार्टिन द्वीप पर नजर है। हसीना ने तब बताया था कि उस देश की तरफ से ये कहा गया है कि अगर वे द्वीप को सौंप देती हैं तो उन्हें कोई परेशानी नहीं होगी।

उस समय हसीना ने देश का नाम नहीं लिया था लेकिन ये साफ तौर पर अमेरिका की तरफ इशारा था। दरअसल, बंगाल की खाड़ी में अमेरिका लंबे समय से अपना सैन्य अड्डा बनाने की इच्छा पाले हुए है। इसके लिए उसकी नजर बांग्लादेश के सबसे दक्षिणी हिस्से पर स्थित सेंट मार्टिन द्वीप है। अब हसीना के जाने के करीब 20 दिन के भीतर ही अमेरिका के प्रतिष्ठित यूएस नेवल इंस्टीट्यूट की कार्यवाही पत्रिका में एक लेख छपा है।

# पाकिस्तान में इस वर्ष पोलियो का 16वां मामला आया सामने

**इस्लामाबाद। पाकिस्तान** के सिंध प्रांत में एक बच्चे के लकवाग्रस्त होने के बाद पोलियो वायरस का एक और मामला सामने आया है। इससे 2024 में देश में पोलियो वायरस से पीड़?तों की संख्या बढ़कर 16 हो गई। एक अधिकारी ने शुक्रवार को मीडिया को यह जानकारी दी।

इस्लामाबाद स्थित राष्ट्रीय स्वास्थ्य संस्थान (एनआईएच) में पोलियो उन्मूलन के लिए क्षेत्रीय संदर्भ प्रयोगशाला के एक अधिकारी ने बताया कि प्रांत के हैदराबाद जिले की 29 महीने की एक बच्ची में जंगली पोलियो वायरस टाइप-1 (डब्ल्यूपीवी1) की पुष्टि हुई है। अधिकारी के अनुसार, इस वर्ष अब तक पाक?स्?तान में 62 जिलों में पोलियो वायरस के लक्षण पाए गए हैं, जब?कि? पिछले वर्ष 28 जिलों में ये लक्षण पाए गए थे। एनआईएच अधिकारी ने कहा, "यह हैदराबाद में पोलियो का पहला मामला है, सिंध में तीसरा और इस वर्ष पाकिस्तान में 16वां मामला है।"

उन्होंने कहा कि इस वर्ष दक्षिण-पश्चिमी बलूचिस्तान प्रांत में 12 मामले, सिंध में तीन और पूर्वी पंजाब प्रांत में एक मामला सामने आया है।



पोलियो उन्मूलन के लिए प्रधानमंत्री की फोकल पर्सन आयशा रजा फारूक ने कहा, "ताजा मामला एक स्पष्ट संकेत है कि जब तक हम अपने देश से इस वायरस को खत्म नहीं कर देते, तब तक कहीं भी कोई भी बच्चा इसके प्रभाव से सुरक्षित नहीं है।"

उन्होंने कहा कि चार महीनों से हैदराबाद के सीवेज नमूनों में डब्ल्यूपीवी1 की रिपोर्ट मिल रही है, इससे देश में पोलियो के फैलने का खतरा बना हुआ है।

उन्होंने कहा, "हम वायरस के प्रसार को रोकने के लिए आपातकालीन स्तर पर काम कर रहे हैं। देश में 9 सितंबर से बड़े पैमाने पर पोलियो टीकाकरण अभियान चलाया जाएगा।"

इस बीच, पोलियो उन्मूलन के लिए राष्ट्रीय आपातकालीन संचालन केंद्र के समन्वयक मुहम्मद अनवर-उल-हक ने कहा कि वायरस की उत्पत्ति की पहचान करने और बच्चों के टीकाकरण के लिए गहन जांच की जा रही है।

उन्होंने कहा, "पोलियो वायरस कराची और हैदराबाद के निकटवर्ती जिलों में कई महीनों से फैल रहा है। हम बच्चों की प्रतिरक्षा को बढ़ावा देने के लिए 9 सितंबर से सभी प्रभावित जिलों में टीकाकरण अभियान शुरू करेंगे।" गौरतलब है कि विकसित देशों में पोलियो खत्म हो चुका है ।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.: 9565333000
Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

## आप्रवासियोंकी संख्या कम करने की कोशिश हो रही

# ब्रिटेन ने पिछले साल 14 फीसदी कम वीजा दिए

**ब्रिटेन**

**यूरोप** में आप्रवासियोंकी संख्या कम करने की कोशिश हो रही है. पिछले साल विदेशी कामगारों, विदेश से आने वाले छात्रों और परिवार से मिलने आने वाले लोगों को जारी किए गए वीजा की संख्या में 14 फीसदी की गिरावट आई है.

जून 2024 तक सरकार की सेटलमेंट योजनाओं के तहत या अन्य कारणों से देश में आने वाले लोगों को कुल 12.3 लाख वीजा (12,34,817) जारी किए गए, जो पिछले 12 महीने की अवधि में जारी किए गए 14,35,372 वीजा से 2,00,555 कम है.

जून तक के 12 महीनों में कुल 5,46,774 कार्य वीजा जारी किए गए, जो जून 2023 तक के वर्ष में 5,38,222 से थोड़ा ज्यादा है. इसके अलावा, 5,30,496 स्टडी वीजा (पिछले वर्ष के 6,56,589 से कम) और 84,403 परिवार वीजा (पिछले वर्ष के 75,131 से अधिक) जारी किए गए, साथ ही 4,007 डिपेंडेंट वीजा जारी किए गए. डिपेंडेंट वीजा उन लोगों के जीवनसाथियों को दिए जाते हैं, जिन्हें ब्रिटेन का कोई अन्य वीजा मिला हो. पिछले साल के मुकाबले इस साल के 5,167 से कम डिपेंडेंट वीजा जारी हुए.

कई श्रेणियों में गिरावट

यूक्रेन वीजा योजनाओं के तहत सिर्फ 28,419 वीजा जारी किए गए जबकि पिछले साल 89,226 लोगों को वीजा दिए गए थे. हांगकांग से ब्रिटिश नेशनल (ओवरसीज) का स्टेटस रखने वाले लोगों को 22,306 वीजा जारी किए गए. यह भी पिछले साल के 37,160 से कम है. ईयू सेटलमेंट योजना के तहत 14,363 वीजा (पिछले वर्ष के 28,899 से कम) और अन्य सेटलमेंट योजनाओं के तहत 4,049 वीजा जारी किए गए जो पिछले वर्ष के 4,978 से कम है.



मुख्य आवेदकों को जारी स्वास्थ्य और देखभाल कार्यकर्ता वीजा पिछले वर्ष की तुलना में 26 फीसदी घटकर 89,095 पर आ गए. अप्रैल से जून तक की अवधि के दौरान इन वीजा में 81 फीसदी की तेज गिरावट आई, जो नए प्रतिबंधों के मुताबिक है. ब्रिटेन ने पिछले साल ही इस वीजा पर कई कड़े प्रतिबंध लगाए थे.

विपक्ष के गृह मामलों के प्रवक्ता और कंजरवेटिव पार्टी के नेता बनने की दौड़ में सबसे आगे माने जाने वाले जेम्स क्लेवरली ने दावा किया कि ये आंकड़े इस बात का सबूत हैं कि उनके कार्यालय में रहते हुए लागू किए गए उपायों का असर हो रहा है. उन्होंने कहा, "जब मैंने कहा था कि मैं माइग्रेशन को कम करूंगा, तो मैं गंभीर था. मैंने वीजा सुधार किए और नेट माइग्रेशन को कम किया. यही वह विरासत है जो मैंने लेबर को सौंपी है."

माइग्रेशन घटाने की कोशिश

कनाडा और ऑस्ट्रेलिया की तरह ब्रिटेन भी अपने यहां आने वाले लोगों की संख्या कम करने की कोशिश कर रहा है, जो पिछले साल तक नए रिकॉर्ड पर पहुंच गई थी. इसके तहत धीरे-धीरे लागू किए गए प्रतिबंधों में अपने परिवारों की देखभाल के लिए या परिवार के निर्भर सदस्यों को लाने पर प्रतिबंध और कुशल श्रमिकों के लिए वेतन सीमा को अप्रैल से 29,000 पाउंड यानी लगभग 32 लाख से बढ़ाकर अगले वर्ष तक 38,700 पाउंड यानी लगभग 42 लाख करना शामिल है. इसका अर्थ है कि अब वही लोग अपने परिवारजनों को बुला सकेंगे जिनकी सालाना आय 38,700 पाउंड से ज्यादा होगी. पिछली सरकार का लक्ष्य इन उपायों के माध्यम से हर साल ब्रिटेन आने वाले लोगों की संख्या में 3,00,000 की कमी लाना था. अन्य सुधारों के तहत, विदेश से आने वाले छात्रों को अपने परिवार के सदस्यों को यूके लाने से रोका गया और ब्रिटेन में औसत राष्ट्रीय आय से कम कमाने वाले ब्रिटिश नागरिकों के लिए विदेशी जीवनसाथी को लाने को कठिन बना दिया गया.